दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। गुरुवार 08 मई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 138 पेज-09 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से तोड़ा पाकिस्तान का गुरूर



**नईदिल्ली।** भारतीय सेना ने 15 दिन बाद जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मारे गए 26 बेकसूरों का बदला ले लिया है। 6 मई की देर रात पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 9 से ज्यादा आतंकी ठिकानों को मिसाइलों से खत्म कर दिया है। इसमें सैकड़ों आतंकियों के मारे जाने की खबर है।

भारत का हमला इतना जोरदार रहा कि पाकिस्तान खुद मानना पड़ा कि हम पर हमला हुआ है। इससे पहले उरी सर्जिकल स्ट्राइक व बालाकोट एयर स्ट्राइक के दौरान उसने मानने से मना कर दिया कि हम पर हमला हुआ है।

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एक आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी व उनके साथ दो महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद रहीं। महिला अधिकारियों ने भारतीय सेना के हमले की जानकारी दी।

सोशल मीडिया सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह की चचाएं तेज हो गई हैं। इस खबर हम आपको इन दोनों के जीवन के बारे में बताएंगे।

भारतीय सेना की ओर से इस ऑपरेशन की ब्रीफिंग देने पहुंचीं कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने हर किसी का ध्यान खींचा। भारत की नारी शक्ति का सशक्त रूप इस प्रेस ब्रीफिंग में पूरी दुनिया ने देखा।

इन दोनों अफसरों की हर कोई तारीफ कर रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इन दोनों महिला अधिकारियों के बारे हर कोई जानना चाह रहा है। एक्स पर सोफिया कुरैशी दूसरे नंबर पर ट्रेंड कर रही हैं।

**सोफिया कुरैशी** : वडोदरा (गुजरात) में 1981 में जन्मीं लेफ्टिनेंट सोपिफय कुरैशी भारतीय सेना की एक प्रेरणादायी महिला अधिकारी हैं। बायोकेमिस्ट्री में पोस्ट ग्रेजुएट सोफिया का सेना में चयन 1999 में हुआ और उन्होंने चेन्नई स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त किया। 2006 में उन्होंने कांगो में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में सेवा दी।

**व्योमिका सिंह :** विंग कमांडर व्यामिका सिंह 18 दिसंबर 2004 को भारतीय वायुसेना में शामिल हुईं। 2017 में विंग कमांडर बनीं। उनके पास चीता और चेतक जैसे लड़ाकू हेलिकॉप्टर्स उड़ाने का व्यापक अनुभव है। हजारों फ्लाइंग ऑवर्स उन्हें वायुसेना की सबसे कुशल पायलटों में शामिल करता है।

# गाजियाबाद ने कहा, हमें भारतीय सेना पर गर्व

## भाजपा के प्रमुख नेताओं द्वारा भारतीय सेनाओं की एयर स्ट्राइक पर दी गई प्रतिक्रियाएं...



**अतुल गर्ग (सांसद)**

करंट क्राइम। देश की रक्षा के लिए की गई यह सर्जिकल स्ट्राइक हमारी सेना की कुशलता और सरकार की निर्णायक सोच का प्रमाण है। यह एक ऐतिहासिक कदम है।



**मयंक गोयल (भाजपा महानगर अध्यक्ष)**

करंट क्राइम। हमारी सेनाओं ने पराक्रम का ऐसा प्रदर्शन किया है जिस पर हर भारतीय गर्व कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति ने आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया है।



**सुनील शर्मा (कैबिनेट मंत्री)**

करंट क्राइम। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद के खिलाफ नई नीति अपनाई है—'घुस कर मारो'। सेना को इसका श्रेय जाता है और हम उनके साहस को सलाम करते हैं।



**नरेंद्र कश्यप (राज्यमंत्री)**

करंट क्राइम। सर्जिकल स्ट्राइक ने साबित कर दिया कि भारत अब चुप नहीं बैठेगा। हम अपने जवानों की वीरता और प्रधानमंत्री की नीति के प्रति आभारी हैं।



**संजीव शर्मा (विधायक)**

करंट क्राइम। यह कार्रवाई न केवल दुश्मन को सबक सिखाने वाली है, बल्कि युवाओं में देशभक्ति की भावना को भी बल देती है। जय हिंद!



**अजीत पाल त्यागी (विधायक)**

करंट क्राइम। हमारी सेना ने देश को गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में अब देश आतंकवाद के विरुद्ध ठोस कार्रवाई करता है, प्रतीक्षा नहीं।



**दिनेश गोयल (एमएलसी)**

करंट क्राइम। सर्जिकल स्ट्राइक हमारे संकल्प की घोषणा है—हम न आतंकवाद को सहेंगे और न सहने देंगे। देश की सुरक्षा सर्वोपरि है।



**सुनीता दयाल (महापौर)**

करंट क्राइम। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत का पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिन्दूर भारतीय नारी शक्ति के बर्बरता पूर्व, माथे का सिन्दूर मिटाने के बदला लेने की ओर एक कदम बढ़ाया है। ऑपरेशन सिन्दूर देकर बेटियों के जख्मों पर मलहम लगाने का कार्य किया है और भारत ने शिविलियन नही आतंकवाद पर हमला किया है। मोदी है तो ये भी मुमकिन है।



**आशु वर्मा (पूर्व महापौर)**

करंट क्राइम। सेना की वीरता और सरकार की नीति ने एक नया संदेश दिया है—भारत अब किसी भी चुनौती का जवाब देने में सक्षम है।



**आशा शर्मा (पूर्व महापौर)**

करंट क्राइम। यह कार्रवाई हमारी सेना की ताकत और सरकार की संकल्पशक्ति का प्रतीक है। हम इन दोनों का अभिनंदन करते हैं।



**रमेश चंद तोमर (पूर्व सांसद)**

करंट क्राइम। भारत ने दुनिया को दिखा दिया कि हम अब केवल रक्षा नहीं, आक्रामक सुरक्षा की नीति अपनाते हैं। यह नया युग है।




## शुरुआत पाकिस्तान ने की थी, अंत हिंदुस्तान करेगा : जनरल वीके सिंह



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मिजोरम के वर्तमान महामहिम राज्यपाल डॉ. जनरल वीके सिंह ने मंगलवार की देर रात पहलगाम हमले के जवाब में भारतीय सेना की पाकिस्तान में लक्षित स्थानों पर हुई कार्रवाई की तारीफ की, भारतीय सेना का उत्साह बढ़ाया और पाकिस्तान को चेतावनी दी।

डॉ. जनरल वीके सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने नापाक आतंकवाद खत्म करने के उद्देश्य के साथ मंगलवार की देर रात पाकिस्तान के 9 लक्षित आतंकियों के ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई कर हमला किया। भारतीय सेना की वीरता, साहस और प्रतिज्ञा से निकला 'ऑपरेशन सिंदूर' पहलगाम हमले में उजड़े सिंदूरों का बदला है। भारतीय सेना के वीर जवानों ने विशेष रूप से इस बात का भी ध्यान रखा कि इस कार्रवाई में किसी भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधा को निशाना नहीं बनाया गया। भारत ने पहलगाम में बर्बर आतंकवादी हमले के जवाब में लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम दिखाया है। हमारी सेना हर तरीके से पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए सक्षम है यह नया भारत है हम घर में घुसकर सबक सिखाने वाले लोग हैं। पाकिस्तान या तो अपनी हरकतों को ठीक कर लें नहीं तो इस जंग की शुरूआत तुमने हमारे निर्दोष लोगों की जान लेकर की है उसका अंत हिंदुस्तान पाकिस्तान को नक्शे से मिटाकर करेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत के साहसी लोग धैर्य के साथ एकजुट होकर भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाएं क्योंकि हमें फिर से विश्व को दिखाना है भले ही हम अलग अगल भाषा, क्षेत्रों में बटें हैं लेकिन हम 140 करोड़ देशवासी केवल हिंदुस्तानी हैं।

## भाजपा के प्रमुख नेताओं द्वारा भारतीय सेनाओं की एयर स्ट्राइक पर दी गई प्रतिक्रियाएं...



**अनिल अग्रवाल (पूर्व राज्यसभा सांसद)**

करंट क्राइम। सेना की इस कार्यवाही ने दुश्मनों को स्पष्ट संकेत दे दिया है कि भारत की चुप्पी कमजोरी नहीं, रणनीति होती है।



**मंजू सिवाच (विधायक)**

करंट क्राइम। सर्जिकल स्ट्राइक ने देश को गौरव का अनुभव कराया है। हमारी सेना की वीरता और प्रधानमंत्री मोदी जी की स्पष्ट नीति ने यह सिद्ध किया है कि भारत अब आतंकी ठिकानों को उनके घर में जाकर नष्ट करने का साहस रखता है।



**धर्मेश तोमर (विधायक)**

करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठाया है। हमारी सेना के पराक्रम और संकल्प ने दुश्मन को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अब सहन नहीं करेगा।



**नन्द किशोर गुर्जर (विधायक)**

करंट क्राइम। सेना की यह कार्रवाई केवल जवाब नहीं, एक चेतावनी है। प्रधानमंत्री जी की नीति और सेना की बहादुरी ने आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है। हम सब इसका समर्थन करते हैं।



**राम नरेश रावत (वरिष्ठ भाजपा नेता)**

करंट क्राइम। वरिष्ठ भाजपा नेता रामनरेश रावत ने कहा कि भारतीय सेना ने जो मुंहतोड़ जवाब पाकिस्तान को दिया है, इसके बाद पाकिस्तान कोई भी हिमायत करने से पहले हजार बार सोचेगा। ऑपरेशन सिंदूर भारत की सेवा के शौर्य पराक्रम और भारत के नेतृत्व की मजबूती का परिचायक है। ऐसा ऑपरेशन मुंबई हमलों के समय ही हो जाता तो उसके बाद पहलगाम पुलवामा उड़ी जैसे हमले कदापि न कर पाता पाकिस्तान का नापाक आतंकिस्तान। आज पहलगाम हमले का बदला लिया गया है। मगर अभी यह बदला पूरा नहीं हुआ है। जब तक पाकिस्तान में पल रहे एक-एक आतंकी को मार नहीं दिया जाता तब तक बदला पूरा हो ही नहीं सकता, भारतीय सेना के पराक्रम को सलाम ।

## भारत की वीरता और नारी सम्मान का प्रतीक ये मोदी जी का नया भारत है : उपेंद्र शिशोदिया



करंट क्राइम। ऑपरेशन सिन्दूर हमारे राष्ट्र के उन अटूट संकल्पों का प्रतिबिंब है, जो माँ भारती की रक्षा के लिए हमने लिए हैं। यह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं, अस्मिता और आत्मसम्मान की गूंज है। जब हमारे देश की बेटियों की ओर कोई उंगली उठती है, तब भारत चुप नहीं बैठता झ भारत उठता है, और एक निर्णायक उत्तर देता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस अभियान को देश की नारी शक्ति के सम्मान और सुरक्षा से जोड़ते हुए कहा: ऑपरेशन सिन्दूर उस शक्ति का नाम है जो भारत की हर बेटी की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध है। यह अभियान दुनिया को यह संदेश देता है कि भारत अब अपनी सीमाओं के भीतर और बाहर, हर अन्याय का मुँहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। हम नारी के सम्मान को सर्वोच्च स्थान पर रखते हैं झ और उसका अपमान अब सहन नहीं किया जाएगा। यह अभियान हमारे सैनिकों के अद्भुत साहस, रणनीतिक कौशल और आत्मबलिदान की मिसाल है। सीमाओं पर डटे हमारे जवानों ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत की सेना केवल सीमाओं की नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, हमारी मांओं-बहनों की गरिमा की भी रक्षक है। ऑपरेशन सिन्दूर के माध्यम से भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि:

यह नया भारत है — जो सहन नहीं करता, उत्तर देता है।
यह भारत है — जो नारी को देवी मानता है, और उसकी रक्षा को धर्म।
यह भारत है — जो अन्याय के विरुद्ध न्याय की मशाल जलाकर चलता है।

प्रधानमंत्री मोदी जी की दृढ़ नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रवादी दृष्टिकोण ने पूरे देश को एकजुट किया है। देश के कोने-कोने से यह आवाज उठ रही है: ₹जय हिन्द की सेना, जय भारत की नारी! जय मोदी जय

## देश की एकता और अखण्डता सर्वोपरि : सुरेंद्र कुमार मुन्नी पूर्व विधायक



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पाकिस्तान पर भारतीय सेना ने एयरस्ट्राइक की और आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमान मुन्नी ने ऑपरेशन सिंदूर की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह समय पूरे देश के एकजुट होने का है। केंद्र सरकार ने वास्तव में दिखा दिया कि सेना का शौर्य और सरकार की निडरता क्या होती है। इस एयरस्ट्राइक के लिये केंद्र सरकार और देश की सेना बधाई की पात्र है। चुनौती की इस घड़ी में हम सब भारतीय एकजुट हैं, एक साथ हैं। देश के नागरिकों की कुबार्नी बेकार नहीं जाएगी। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों को मारा है। देश के प्रधानमंत्री, देश की सरकार इसके लिये बधाई की पात्र है। अगर इसी तरह से मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा तो हमारे देश से आतंकवाद हमेशा के लिये खत्म हो जाएगा।

## वीरतापूर्वक किए गए उत्कर्ष कार्य के लिए जांबाजों को सलाम: जितेन्द्र चौहान



करंट क्राइम। इस वीरता पूर्वक किए गए उत्कर्ष कार्य में हम देश के जांबाज वीरों के साथ हैं...अपने गांव या शहर के पास से गुजर रहे सेना या अर्ध सैनिक बलों के काफिले की वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर ना करें...इससे सेना के लोकेशन एवं एक्शन का पता विरोधी को चलता है।.....जयहिंद जय भारत....



**हमें गर्व है अपनी भारतीय सेना पर : पंचम चौधरी**

करंट क्राइम। मुझे गर्व है अपनी भारतीय सेना पर जय हिन्द भारत माता की जय ।

## भारतीय सेना की बहादुरी को नमन : नवीन तोमर (पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी)



करंट क्राइम। पहलगाम में निर्दोष नागरिकों और पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले ने समूचे राष्ट्र को झकझोर दिया था। इस अमानवीय कृत्य का भारतीय सेना ने जिस तीव्रता, सटीकता और साहस के साथ उत्तर दिया, वह अत्यंत गर्व का विषय है। हमारी सेना ने न केवल आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त किया, बल्कि यह भी दिखा दिया कि भारत की संप्रभुता से खिलवाड़ करने वालों को अब माफ नहीं किया जाएगा। मैं भारतीय सेना की इस बहादुरी को नमन करता हूं। यह जवाबी हमला सिर्फ प्रतिशोध नहीं, बल्कि आतंक के खिलाफ एक स्पष्ट और निर्णायक संदेश है झ कि भारत अब सहन नहीं करेगा। हमारे वीर जवानों ने शहीदों के खून का बदला लेकर समस्त देशवासियों के मन को राहत दी है। यह कार्रवाई हर देशवासी के दिल में गर्व, आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना भरती है। आज हम सभी एक सुर में कहते हैं झ जय हिंद, जय जवान! हमें अपनी सेना पर गर्व है!




# नए भारत की तस्वीर : पहले छेड़ेंगे नहीं, बाद में छोड़ेंगे नहीं

## 9 आतंकी ठिकानों को सफलतापूर्वक किया ध्वस्त: विंग कमांडर व्योमिका सिंह

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के करीब 9 घंटे बाद सरकार, सेना और एयरफोर्स के अफसरों ने घटना की जानकारी दी। बुधवार सुबह 10:30 बजे मीडिया ब्रीफिंग से पहले एयर स्ट्राइक का 2 मिनट का वीडियो प्ले किया गया। इसमें बताया गया कि मंगलवार रात 1:04 बजे से 1:11 बजे के बीच 7 मिनट में 9 टारगेट तबाह किए गए। हालांकि ऑपरेशन पूरा होने में कुल 25 मिनट का समय लगा।

देश के इतिहास में पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस में आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी मौजूद थे।

वदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा- पहलगाम हमला कायरतापूर्ण था। इसमें परिवार के सामने लोगों की हत्या की गई, उनके सिर में गोली मारी गई। बचे हुए लोगों से कहा गया कि वे इस हमले का संदेश पहुंचाएं। पिछले साल सवा 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक कश्मीर आए थे। हमले का मकसद था कि कश्मीर के विकास और प्रगति को नुकसान पहुंचाकर पिछड़ा बनाए रखा जाए।

हमले का यह तरीका जम्मू-कश्मीर और देश में सांप्रदायिक दंगे फैलाने कोशिश था। एक समूह ने खुद को ळफ्क्ष कहते हुए हमले की जिम्मेदारी ली। इसे वठ ने प्रतिबंधित किया है और यह लश्कर से जुड़ा है।

पाकिस्तान स्थित समूहों के लिए कवर के तौर पर ळफ्क्षका इस्तेमाल किया गया। पहलगाम हमले की जांच से पाकिस्तान के साथ आतंकवादियों के संपर्क उजागर हुए हैं।

पहलगाम के हमलावरों की पहचान भी हुई है और भारत में सीमापार से आतंकवाद फैलाने के पाकिस्तान का प्लान उजागर हुआ है। पाकिस्तान आतंकवादियों की शरण स्थली के रूप में पहचान बना चुका है। आतंकवाद के इस निंदनीय कार्य के अपराधियों को जवाबदेह ठहराने की आवश्यकता वठ ने भी जताई थी।

पहलगाम में 22 अप्रैल के हमले के अपराधियों और इसकी प्लानिंग करने वालों को न्याय के कठघरे में लाना जरूरी था। वे इनकार करने और आरोप लगाने में ही लिप्त रहे हैं। भारत सरकार ने पाकिस्तान से संबंधों को लेकर कुछ कदम भी उठाए हैं।

पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों के बारे में हमें सूचना मिली थी कि वे और हमले कर सकते हैं। इन्हें रोकना जरूरी था। हमने इन्हें रोकने के अधिकार का इस्तेमाल किया है। यह कार्रवाई नपी-तुली और जिम्मेदारीपूर्ण है। हमारा एक्शन आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर को खत्म करने और आतंकियों को अक्षम बनाने पर केंद्रित है।


कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा- मंगलवार-बुधवार की रात 1.05 से 1.30 बजे के बीच ऑपरेशन हुआ। पहलगाम में निर्दयता से जिन निर्दोष पर्यटकों को मारा गया, उसके लिए यह ऑपरेशन किया गया। पाकिस्तान में 3 दशकों से आतंकवादियों का निर्माण हो रहा है। हमले के बाद भी यह सामने आया है।

हमने पाकिस्तान और ढङ्कङ में 9 टारगेट चुने थे और स्ट्राइक में इन्हें तबाह कर दिया गया।

इन जगहों पर लॉन्चपैड, ट्रेनिंग सेंटर्स को टारगेट किया गया।





## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही इस ऑपरेशन को 'सिंदूर' नाम दिया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर भारतीय सशस्त्र बलों की कार्रवाई के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम चुना। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि आतंकियों की ओर से 26 नागरिकों की हत्या किए जाने के बाद उनमें से कई पीड़ितों की पत्नियों की तस्वीरों ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। इसलिए जवाबी कार्रवाई के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम सबसे ठीक माना गया। ऑपरेशन को लेकर सेना ने प्रेस ब्रीफिंग की तब भी दो महिला सैन्य अफसरों ने ही देश को सैन्य कार्रवाई के बारे में बताया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने के लिए कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद थीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संसद हमले, मुंबई हमले, पुलवामा हमले और पहलगाम हमले के दृश्य दिखाए गए।

दरअसल, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने धर्म पूछकर पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी थी। आतंकी हमले में कई महिलाओं ने अपने पतियों को खो दिया। क्रूर आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारत ने 15 दिन बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले (पीओजेके) में नौ आतंकी शिविरों पर सटीक हमले कर



नेस्तनाबूद कर दिया। भारतीय सशस्त्र बलों ने इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया।

**धर्म पूछकर 26 पर्यटकों को मारी थी गोली :** बता दें कि 22 अप्रैल को पहलगाम की बायसरन घाटी में आतंकियों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर पर्यटकों की हत्या कर दी थी। इस हमले में 25 भारतीय और एक नेपाली युवक की मौत हो गई थी। हमले के दौरान आतंकियों ने धर्म पूछकर सिर्फ पुरुषों को मारा था।

## ऑपरेशन सिंदूर पर बोली कांग्रेस- सेना की बहादुरी को शत-शत सलाम

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने 7 मई की सुबह पाकिस्तान के 9 ठिकानों को टारगेट करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। इस पर कांग्रेस कार्यसमिति की आपात बैठक बुलाई गई। इसमें कांग्रेस के कई दिग्गज नेता शामिल हुए। बैठक के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान खरगे ने कहा कि हम भारतीय सेना के सैनिकों को सलाम करते हैं। हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सेना और सरकार के साथ खड़े हैं।

### क्या है खरगे का पूरा बयान

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमें भारतीय सेना पर गर्व है। उन्होंने जिस तरह ऑपरेशन सिंदूर को पाकिस्तान और पीओके में अंजाम दिया,



वह साहसिक है। आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई कर मुंह तोड़ जवाब दिया गया है। हम जांबाज सैनिकों के साहस, राष्ट्रभक्ति और संकल्प को सलाम करते हैं। आतंकी हमले के बाद पहले दिन से ही कांग्रेस पार्टी सेना और सरकार के साथ खड़ी है। हमने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हर कार्रवाई का समर्थन किया है।

### राहुल गांधी क्या बोले

लोकसभा में विपक्ष के नेता और सांसद राहुल गांधी ने भी सेना की तारीफ की। उन्होंने कहा कि पार्टी की कार्यसमिति की बैठक में इस पर चर्चा की गई। सेना को पूरा समर्थन है। उन्हें प्यार और शुभकामनाएं। हमें कल सर्वदलीय बैठक के लिए न्यौता मिला है।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए पीएम मोदी ने सुरक्षा बलों की तारीफ की, पूरी कैबिनेट ने थपथपाई मेज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। दरअसल, भारतीय सशस्त्र बलों ने देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे। इस दौरान नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के कुछ घंटों बाद प्रधानमंत्री ने केंद्रीय कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता की।

**पूरी कैबिनेट ने मेज थपथपाई :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के बारे में कैबिनेट को सूचित किया गया। इसके बाद पूरी कैबिनेट ने मेज थपथपाकर कार्रवाई और प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की। ऐसा माना जा रहा है कि पीएम मोदी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस रखेगी। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री



### ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने कहां हमले किए

इससे पहले पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। इनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना शामिल है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले पहलगाम हमले के मद्देनजर आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लक्ष्यों, तरीके और समय पर निर्णय लेने के लिए सशस्त्र बलों को पूरी स्वतंत्रता दी थी। पहलगाम आतंकी हमले में 26 नागरिक मारे गए थे।

ने रक्षा मंत्री और एनएसए अजीत डोभाल से भी अलग से मुलाकात की और मौजूदा हालात का जायजा लिया।

**पीएम मोदी की नॉर्वे, क्रोएशिया और नीदरलैंड की यात्रा स्थगित :** इस बीच प्रधानमंत्री मोदी की नॉर्वे, क्रोएशिया और नीदरलैंड की यात्रा स्थगित कर दी गई है।








## एयर स्ट्राइक की बर्बादी के बाद घुटनों पर आया पाकिस्तान

### बोले पाक के रक्षा मंत्री, भारत अगर तनाव कम करे तो पाकिस्तान संघर्ष खत्म करने को है तैयार

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि ₹अगर भारत पीछे हटता है, तो पाकिस्तान संघर्ष को समाप्त करने के लिए तैयार है।₹ ख्वाजा आसिफ ने भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद ब्लूमबर्ग टीवी को दिए एक इंटरव्यू में ये बातें कहीं। भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मंगलवार देर रात हमला कर उन्हें ध्वस्त किया। भारत ने यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जबाव में की, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई थी

**पाकिस्तान ने 7 ठिकानों पर हमले की पुष्टि की :** ख्वाजा आसिफ ने इंटरव्यू में स्वीकार किया कि भारत ने कम से कम 7 जगहों पर हमले किए, जिनमें कुछ ढङ्कङ में स्थित थे। यह पूछे जाने पर कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान अब क्या योजना बना रहा है, उन्होंने कहा, ₹यह सब भारत पर निर्भर करता है, इसकी शुरूआत भारत ने की है। अगर वे पीछे हटने को तैयार हैं... क्योंकि शुरूआत उन्होंने की है, हमने बस जवाब दिया है।

उन्होंने आगे कहा, हम पिछले 15 दिनों से कह रहे हैं कि हम भारत के खिलाफ कभी भी कोई शत्रुतापूर्ण कार्रवाई नहीं करेंगे। लेकिन, अगर हम पर हमला होता है तो हम जवाब देंगे। अगर भारत पीछे हटता है, तो हम निश्चित रूप से इन चीजों को खत्म कर देंगे। लेकिन जब तक हम पर हमला होता रहेगा, हमें जवाब देना ही होगा।

**भारत पर जवाबी कार्रवाई का आरोप :** आसिफ ने दावा किया कि पाकिस्तान ने भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया है, हालांकि भारत ने इस दावे को पूरी तरह अस्वीकार कर दिया है।

भारत के रक्षा मंत्रालय ने अपने आधिकारिक बयान में कहा है कि ֆहमारी कार्रवाई सीमित, संतुलित और गैर-उकसावे वाली थी। हमने किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया।

### भारत ने दिखाई रणनीतिक संयम

भारतीय रक्षा मंत्रालय ने आगे कहा कि ֆभारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत लक्ष्य और हमले के तरीके का चयन करते हुए काफी संयम दिखाया ֆ मंत्रालय ने जोर दिया कि इस कार्रवाई का उद्देश्य केवल आतंकी बुनियादी ढांचे को नष्ट करना था, न कि संघर्ष को और बढ़ाना।

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...









## सम्पादकीय



मनोज गुप्ता (संपादक)

## देश की सेना को है लाखों सलाम

पहलगाम हमले के बाद लगातार भारत सरकार पर उंगलियां उठ रही थीं। देश की खूफिया एजेंसियों के नेटवर्क को लेकर सवाल उठ रहे थे और सबसे बड़ा सवाल ये था कि आखिर सरकार क्या रही है। क्या हम हर हमले के बाद पुतले फूंकेंगे और पाकिस्तान की आलोचना करेंगे, लेकिन बुधवार की आधी रात को भारतीय सेना ने एयरस्ट्राइक से पूरे विश्व को संदेश दिया कि हम अपने दुश्मन को नष्ट करना जानते हैं। सेना के इस अदम्य सासह, शौर्य को लाखों सैल्यूट हैं। ये भारत की सेना है जिसका नाम ही देश के हर नागरिक के लिये सुरक्षित होने की गारंटी है। सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया और पहलगाम आतंकी हमले के बाद जवाब कार्यवाही करते हुए जैश-ए-मुहम्मद, हिजबुल, मसूद अजहर और हाफिज सईद के ठिकानों पर हमले किये। भारत ने जिन आतंकी ठिकानों पर हमले किये उनमें कोटली, बहावलपुर और जुफ्फराबाद शामिल है। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाते हुए कई आतंकियों को मार गिराया। देश की सेना के साथ-साथ भारत की सरकार भी बधाई की पात्र है, जिसने इस बार देश में हुए आतंकी हमले के बाद कूटनीति का उपयोग नहीं किया बल्कि सेना को छूट दी और कूटने वाली नीति का पालन किया। आतंकियों ने नाम पूछकर निर्दोष नागरिकों को मारा था और भारतीय सेना ने फिर नाम नहीं पूछ बल्कि घर में घुसकर मारा। पूरे विश्व ने देखा कि भारतीय सेना ने आतंकवादियों के 9 ठिकानों को निशाना बनाया। इस कार्यवाही के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है। बड़ी बात ये है कि इस कार्यवाही को भारतीय सेना ने भारतीय धरती से ही अंजाम दिया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकी शिविरों को नष्ट करने के लिये अभियान चलाया और आतंकवाद के अड्डों को खत्म करने के लिये विशेष सटीक हथियारों का इस्तेमाल किया। यह कहने में कोई दो राय नहीं है कि इस बड़ी कार्यवाही के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने पहलगाम हमले के बाद आतंकियों के ठिकानों को नष्ट करने के आदेश दिये थे और 14 दिन खुफिया एजेंसियों ने आतंकी ठिकानों के इनपुट हासिल किये। ये देश की सरकार ने भी एक तरह से देश के नागरिकों को यह भरोसा दिलाया है कि अगर भारत की अखण्डता और संप्रुभता पर हमला करने की कोशिश की जाएगी तो फिर इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। भारत ने अपनी सामरिक क्षमता का भी इस्तेमाल किया है और ये दिखा दिया है कि अब वह विश्व में एक बड़ी सामरिक शक्ति बनकर सामने आ गया है। भारत अपनी सीमाओं की रक्षा करना जानता है और भारत अपने देश के नागरिकों की रक्षा करना जानता है। अगर, भारत के नागरिकों पर हमला होगा तो फिर हमलावर इस बात को समझ लें कि वह विश्व के किसी भी कोने में हों, उन्हें वहीं ढूंढकर मारा जाएगा। यह समय निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण हैं, लेकिन यह समय पूरे देश के नागरिकों के लिये एकजुट रहने का है। यह समय सरकार की आलोचना का नहीं बल्कि देश के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का है। इस मामले में भारत के सभी राजनीतिक दल भी साधुवाद के पात्र हैं। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक को सही बताया है और ये कहा है कि यह हमला बहुत ही सटीक समय पर हुआ है। बड़ी बात ये है कि भारत के इस एयरस्ट्राइक के बाद देश में छिपे स्लीपर आतंकी सेल का खेल भी अब खत्म होना चाहिए। केवल सीमा के उस पार ही नहीं बल्कि अब कश्मीर की घाटी में भी एक बड़े अभियान की जरूरत है। यहां खुफिया एजेंसियों को उन तत्वों के भी इनपुट्स की भी जानकारी जुटानी चाहिए जो आतंकियों के मददगार बनते हैं, उन्हें पनाह देते हैं। एक ऑपरेशन चलाकर देश में छिपे आतंकियों को मारा जाना चाहिए। आतंक को लेकर भारत सरकार को जीरो टोलरेंस की नीति पर काम करना होगा और तभी देश से आतंकवाद का सफाया होगा। यह समय सभी देशवासियों के लिये एकजुटता दिखाने का है। सभी राजनीतिक दल अपने वैचारिक मतभेदों को भुलाकर देश की सेना का मनोबल बढ़ाएं और सब एकजुट-एकसाथ नजर आएं। - जय हिन्द।




# गाजियाबाद ने कहा, हमें भारतीय सेना पर गर्व




## निर्दोष हिंदू पर्यटकों की मौत का बदला लिया देशवासियों को मोदी पर पूर्ण विश्वास : डा. अतुल जैन



गाजियाबाद, करंट क्राइम। 22 अप्रैल को पहलगाम कश्मीर में हुए आतंकी हमले में निर्दोष हिंदू पर्यटकों को उनका धर्म पूछ पूछ कर की गई हत्या से पूरे देश में क्रोध था और आतंकवादियों के खिलाफ केंद्र के नेतृत्व से कड़ी कार्यवाही की उम्मीद की जा रही थी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा था कि कार्यवाही ऐसी होगी जो कल्पना से परे होगी और यह उसी कुशलता का परिणाम है कि लगभग 15 दिन बाद भारतवर्ष की सेना ने हत्याकांड का बदला ले लिया है और आतंकी ठिकानों पर हमला करके उनको खंडहर में बदल दिया है। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि अब समय आ गया है आतंकवाद और आतंकवादियों के साथ-साथ उनके आकाओं का समूल नष्ट अवश्य होगा और जैसा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री ने कहा था की रहे बचों को मिट्टी में मिला देंगे। भारतीय जनता पार्टी की सरकार और शीर्ष नेतृत्व पर पूर्ण भरोसा जताते हुए यह सुनिश्चित है कि भारत के सभी देशवासी सुरक्षित रहेंगे और कोई भी आतंकवाद डरा नहीं सकता है। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष और टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन का उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ.अतुल कुमार जैन ने इस कार्यवाही पर अत्यंत खुशी व्यक्त करते हुए बताया है कि अपनी जान गंवाने वाले निर्दोष हिंदू पर्यटकों के लिए यह एक श्रद्धांजलि है उनके परिवारों को थोड़ी राहत अवश्य मिली होगी ।

## पहलगाम का बदला : घर में घुसकर आतंकी ठिकाने ध्वस्त, सेना पर गर्व : अशोक कुमार गोयल



गाजियाबाद, करंट क्राइम। पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 निर्दोष सैलानियों की हत्या की सारे देश में गुस्से की लहर बनी हुई है। भारतीय सेना ने मंगलवार रात 1:25 पर पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को बर्बाद किया सौ से ज्यादा आतंकी मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सबल नेतृत्व एवं बहादुर सेना ने कर बदला लेने का साहसिक कार्य किया है। सारा देश गर्व महसूस कर रहा है। अपने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री सहित समस्त सेन से जुड़े अधिकारियों पर जिन्होंने । इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। प्रधानमंत्री अपना विदेश दौरा रद्द करके सारे घटनाक्रम को मार्गदर्शन दे रहे हैं। अजीत डोभाल सहित सभी अधिकारी पल-पल की खबर ले रहे हैं और पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए कटिबद्ध हैं। भारत मां के सपूत अब आतंकिस्तान को सबक सिखा कर ही रहेंगे।

## ऑपरेशन सिंदूर : मोदी है तो मुमकिन है : सुभाष गर्ग



गाजियाबाद, करंट क्राइम। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत वासियों के दिल में एक अलग जगह बना ली है। उन्होंने जिस तरह हमारे लोगो से धर्म पूछकर मारा था, किसी बात की फिक्र ना करते हुए,भारतीय सेना ने उन्हें मुंह तोड़ जवाब दिया है सेना ने उनके घर में घुसकर बदला लिया है। भारतीय सेना ने जो दिल को सुकून दिया है उसको बयां नहीं कर सकते। ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेना पर हमें गर्व है ,आज उन सभी मासूमों की मौत का बदला पूरा हुआ। सभी भारत वाशियों को आपके ऊपर गर्व है।

## ऑप्रेशन सिंदूर - एक चुटकी सिंदूर की कीमत जानता है हर हिंदुस्तानी : रविन्द्र त्यागी



गाजियाबाद, करंट क्राइम। पाप का अंत निश्चित है,समय सीमा सब निर्धारित है,हमारी भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने आप्रेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकवाद के 9 ठिकानों पर सटीक प्रहार किया। यह सिर्फ युद्ध नहीं, बल्कि न्याय, शांति और भारत के गौरव की निर्णायक लड़ाई है। हमेशा की तरह पाकिस्तानी सेना सिर्फ तमाशा देखती रह गई, और भारतीय सेना ने उन्हें मुंह तोड़ जवाब दिया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं देश की सुरक्षा की गारंटी: जगदीश साधना



गाजियाबाद ( करंट क्राइम)। वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना ने पाकिस्तान पर भारत की एयरस्ट्राइक की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि हमारे देश पर आतंकी हमला कराने वाले पाकिस्तान को यह भारत का मुंहतोड़ जवाब है। उन्होंने कहा कि यह हमारी एकता और अखण्डता की जीत है। पाकिस्तान पर यह करारा प्रहार हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का परिणाम है। वास्तव में इस एयरस्ट्राइक के सबसे बड़े हीरो हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। भारत अब विश्व की सबसे बड़ी सामरिक शक्ति बनकर उभरा है। जिस देश के शासक मजबूत होते हैं उस देश की जनता का कोई बाल बांका नहीं कर सकता। हमें गर्व है कि नरेंद्र मोदी हमारे प्रधानमंत्री हैं और वह केवल प्रधानमंत्री ही नहीं हैं बल्कि भारत के एक-एक नागरिक के लिये सुरक्षा की गारंटी हैं।

## कायर आतंकवादियों के लिए दुर्गा बनीं कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर वियोमिका सिंह : अरुण चौधरी (भुल्लन)



गाजियाबाद, करंट क्राइम। राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय महासचिव व अखिल भारतीय जाट महासभा के जिला अध्यक्ष अरुण चौधरी भुल्लन ने बताया कि जब देश में कर्नल सोफिया कुरैशी, व विंग कमांडर वियोमिका सिंह जैसी हमारी बहनें ही काफी है इन कायर आतंकवादियों के लिए । अरुण चौधरी ने कहा की पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए निर्देश लोगों की शहादत का बदला भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुस कर लिया है। भारतीय वायु सेवा के बहादुर लड़ाकों ने पाकिस्तान और पीओके में घुसकर आतंकवादियों के 9 लॉन्चिंग पैड को ध्वस्त किया है ।

## जवानों ने अद्भुत वीरता का प्रदर्शन किया है : रजनी ढोंडियाल जोशी



गाजियाबाद, करंट क्राइम। भारतीय सेना में तीन मुख्य शाखाएँ हैं : थल सेना नौसेना और वायु सेना। इन तीनों सेनाओं के प्रमुख व साथ ही जांबाज वीर अजीत डोभाल। वीर जवानों ने देश के लिए जिन्होंने अद्भुत वीरता और साहस का प्रदर्शन किया है और सच्ची श्रद्धांजली अर्पित की है।

## पाकिस्तान को मोदी और भारतीय सेना ने सिखाया सबक : वीरेंद्र सारस्वत



करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के नेता वीरेंद्र सारस्वत का कहना है कि जिस तरीके से भारतीय सेना ने पाकिस्तान को घर में घुसकर सबक सिखाया है, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से संभव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले ही देश को भरोसा दिलाया था कि पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा और यह हुआ भी है। जिस तरीके से कश्मीर में भारतीयों और महिलाओं के सिंदूर को हटाने का काम किया गया था , उसको याद करते हुए इस ऑपरेशन का नाम सिंदूर रखा गया है। भाजपा नेता वीरेंद्र सारस्वत ने कहा है कि पाकिस्तान अगर अभी भी बाज नहीं आया तो भारत अब आर पार वाली लड़ाई लड़ेगा। जिसके बाद पाकिस्तान समाप्त हो जाएगा और आतंकवाद के लिए पाकिस्तान का सफाया जरूरी है।

## पहलगाम में शहीद हुए हमारे निर्दोष पर्यटकों का बदला : फैसल हुसैन



करंट क्राइम। आज हमारी भारतीय सेना ने आतंक के अड्डों पर सर्जिकल स्ट्राइक कर एक-एक को नेस्तनाबूद कर दिया। यह सिर्फ जवाब नहीं, बल्कि एक साफ संदेश है — भारत अपने हर नागरिक की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। हमारी सेना के जज्बे को सलाम एवं उनके शौर्य-साहस और पराक्रम पर हर एक देशवासी को गर्व है । पाकिस्तानी को ऐसी ही सख्त सीख दी जानी जरूरी थी जिससे वो फिर कभी दूसरा पहलगाम करने की सोच भी ना सके।

## एयर स्ट्राइक भारत की आंतरिक शक्ति और राजनीतिक इच्छाशक्ति का स्पष्ट प्रमाण : प्रदीप चौधरी (मीडिया प्रभारी)



करंट क्राइम। यह एयर स्ट्राइक भारत की आंतरिक शक्ति और राजनीतिक इच्छाशक्ति का स्पष्ट प्रमाण है। मीडिया के माध्यम से हम इस संदेश को जन-जन तक पहुँचाएँगे।

# पुलिस कमिश्नर ने कांवड़ यात्रा को लेकर अभी से शुरू की ट्रैफिक एक्सरसाइज

## हेलमेट न पहनने वालों, ऑटो में ड्राइवर सीट के बराबर में सवारी बैठाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

### - अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जल्द जारी होगा नोटिस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ लगातार बैठकों का सिलसिला जारी रख रहे हैं। कभी वह पुलिसकर्मियों को शिष्टाचार का पाठ पढ़ा रहे हैं। तो कभी ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए यातायात पुलिस के अधिकारियों और प्रभारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। वहीं पुलिस में बीट व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराधियों का पूरा रिकॉर्ड रखने के लिए भी लगातार अलग-अलग जोन के साथ उनकी बैठकें हो रही हैं। बुधवार को पुलिस कमिश्नर द्वारा कमिश्नरेट के शहर और देहात क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए परमजीत हाल में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अपराध-कानून व्यवस्था और पुलिस उपयुक्त यातायात सचिदानंद, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात जियाउ्ददीन और समस्त जोन के यातायात निरीक्षक उपस्थित रहे। इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने पश्चिम उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े आयोजन कांवड़ यात्रा को लेकर अभी से रोड मैप तैयार करने का निर्देश दिया है। तो वहीं बिना हेलमेट के सफर करने वाले दोपहिया वाहन चालकों पर सख्त एक्शन लेने का निर्देश दिया है। साथ ही ऑटो में आगे चालक की सीट के बराबर में बैठने वाली सवारियों को लेकर अभियान को पूरी प्रमुखता से चलाने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही सड़क पर अतिक्रमण न हो और लेफ्ट फ्री वाले मार्ग अतिक्रमण मुक्त कराए जाएं। साथ ही नगर निगम, जीडीए, आवास विकास परिषद को भी पत्र लिखकर सड़क पर अतिक्रमण समाप्त करने का फरमान सुनाया गया है।

### ऑटो-ईरिक्शा वालों को आगे सवारी बैठाना पड़ेगा भारी



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने यातायात पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ऑटो और ई-रिक्शा में ड्राइवर सीट के बराबर और बराबर में अगर यात्रा करते हुए लोग मिले और उनकी फोटो या वीडियो पुलिस के अधिकारियों तक पहुंची तो कार्रवाई होगी। साथ ही लगातार सभी जोन के ट्रैफिक प्रभारी निरीक्षकों को इसको लेकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

### अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ हो कार्रवाई, विभागों से बनाया जाए तालेमेल

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर द्वारा यातायात निरीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि जिन भी प्रमुख चौराहों और तिराहों पर लिफ्ट फ्री नहीं है, उनको चिन्हित कर वहां लेफ्ट फ्री कराया जाए। इसके लिए संबंधित विभागों से भी पत्राचार किया जा सकता है। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने के लिए लगातार अभियान चलाने और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ संबंधित विभाग से तालमेल बैठकर इस समस्या के समाधान के लिए पत्राचार करने का भी प्रभारी और एसीपी ट्रैफिक को निर्देश दिया गया है।

# जिले का सरताज बनाकर भेज रहा है गाजियाबाद जो संभालता है सिटी की कमान, उसके सिर सजता है ताज

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डीसीपी सिटी जोन वाली पोस्टिंग जिले का सरताज बनाने वाली तैनाती हो गई है। कमिश्नरेट सिस्टम बनने के बाद जिसने भी सिटी जोन की कमान संभाली है, उसके सर जिले की कप्तानी का ताज सजा है। सोमवार देर रात आई आईपीएस तबादला लिस्ट में जहां गाजियाबाद के डीसीपी सिटी जोन आईपीएस राजेश कुमार को कौशांबी जिले का कप्तान वाला तोहफा मिला है। तो इससे पहले यहां डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानजंय सिंह और आईपीएस निपुण अग्रवाल सीधे जिले वाली पोस्टिंग पा चुके हैं। कुंवर ज्ञानंजय सिंह को जहां हापुड़ का जिला मिला था। तो उनसे पहले निपुण अग्रवाल हाथरस के कप्तान बनाए गए थे। दोनों ने अपने-अपने जिलों में लंबी पारी खेली और उनकी वर्किंग बेहतर रही। तो वहीं गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में 10 महीने से अधिक तक क्राइम कंट्रोल से लेकर राजनीतिक, सामाजिक और पुलिस के अधिकारियों में बेहतर ताल में रखने वाले आईपीएस अधिकारी राजेश कुमार ने भी इस रिकार्ड को बरकरार रखा है। उन्हें गाजियाबाद में डीसीपी सिटी वाली पोस्टिंग के बाद पहली बार कप्तानी मिल रही है और वहे अब कौशांबी जिले के कप्तान होंगे।

### प्रमुख लूट से लेकर हत्याओं का किया है खुलासा

करंट क्राइम : गाजियाबाद में 10 महीने से अधिक तक चार्ज संभालने वाले आईपीएस डीसीपी सिटी जोन रहे राजेश कुमार ने गाजियाबाद में बेहतर पारी खेली है। कवि नगर में हुई डेढ़ करोड़ रुपए की व्यापारी के घर की डकैती का मामला हो तो कई सनसनीखेज लूट की घटनाएं, हत्याएं और लूट करने वाले गिरोह पर जमकर नकेल कसी है। सोमवार की रात को ही डीसीपी सिटी के नेतृत्व में सिटी जोन के थाना नंदग्राम और विजयनगर में लुटेरों के खिलाफ हाफ एनकाउंटर किया गया।

### सीएम ने कांवड़ से लेकर शिवरात्रि की संभाली थी कमान

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट में 10 महीने की पारी खेलने वाले डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कई बड़े कार्यक्रम, रैली व सभाएं कराई हैं । तो वहीं उनके नेतृत्व में सफल कांवड़ यात्रा को भी बेहतर ढंग से संचालित किया गया। साथ ही शिवरात्रि जैसे भीड़भाड़ वाले पर्व पर दूधेश्वरनाथ मंदिर की व्यवस्थाएं उनके कार्यकाल में शांतिपूर्वक एवं सुरक्षा इंतजामों के बीच संपन्न कराई गई। कुल मिलाकर क्राइम कंट्रोल से लेकर आमजन के बीच उनका रिकॉर्ड बेहतर रहा है।







## संपादकीय

# जिन्ह मोहि मारा, तिन्ह मोहि मारे...

राजनाथ ने कहा कि हमने भगवान हनुमान के उस सिद्धांत का पालन किया जिसका पालन उन्होंने अशोक वाटिका में जाते समय किया था। जिन्ह मोहि मारा, तिन्ह मोहि मारे। हमने उन्हीं को निशाना बनाया जिन्होंने हमारे निदोर्षों को मारा। 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 50 बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आप जानते हैं कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारे भारतीय सशस्त्र बलों ने हम सभी को गौरवान्वित किया है। सफल ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेना की प्रशंसा करते हुए कहा कि सिर्फ उन लोगों को मारा जो हमारे निर्दोष लोगों की हत्या में शामिल थे। इस दौरान भारत माता की जयऱ के नारे भी लगे।

राजनाथ ने कहा कि हमने भगवान हनुमान के उस सिद्धांत का पालन किया जिसका पालन उन्होंने अशोक वाटिका में जाते समय किया था। जिन्ह मोहि मारा, तिन्ह मोहि मारे। हमने उन्हीं को निशाना बनाया जिन्होंने हमारे निदोर्षों को मारा। उन्होंने कहा कि हमने जो लक्ष्य तय किए थे, उन्हें योजना के अनुसार सटीकता से नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ काम किया। दलगत राजनीति से ऊपर उठते हुए भारत के विभिन्न दलों के नेताओं ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए मिसाइल हमलों की सराहना की और सोशल मीडिया पर ह्यभारत माता की जय और ह्यजय हिंद जैसे देशभक्ति के नारे पोस्ट किए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ह्यभारत माता की जय कहा, जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया पर ह्यजय हिंद और ह्यजय हिंद की सेना लिखा।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्हें सशस्त्र सेनाओं पर गर्व है, जय हिंद। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जय हिंद! ऑपरेशन सिंदूर! कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने भी पोस्ट कर लिखा, जय हिंद। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा, सत्यमेव जयते। जय हिंद की सेना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेताओं ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की और उनका अभिवादन करते हुए कहा, भारतीय सेना जिंदाबाद। जय हिंद।

## रोचक तथ्यों का करंट

- शरीर की सबसे छोटी हड्डी कान की स्टअप (stirrup) हड्डी होती है।
- एक वयस्क मानव में, उसकी हड्डियों का 25% हिस्सा पैरों में होता है।
- Gluteus Maximus मानव शरीर की सबसे बड़ी मांसपेशी है।
- दिमाग दिन से ज्यादा रात में सक्रिय रहता है. इसके पीछे क्या कारण है वैज्ञानिक भी नहीं जानते।
- आईक्यु जितना तेज होता है उतने ही ज्यादा सपने आते हैं.
- इंसान जिसका वजन 70 किलोग्राम है, उसके शरीर के अंदर 0.2 मिलीग्राम सोना भी होता है।
- क्या आप जानते है मानव शरीर की सबसे मजबूत मांसपेशी जबड़े की मांसपेशी होती है।
- आपके शरीर में तीन इंच लंबी धातु कील बनाने के लिए पर्याप्त लोहा हैं।
- मानव शरीर में सबसे मजबूत मांसपेशी जबड़े मांसपेशी होती हैं.
- शरीर का एक हिस्सा ऐसा भी होता है जहा कोई रक्त की आपूर्ति नहीं होती है वह भाग आंख का कॉर्निया होता है. यह हिस्सा हवा से सीधे ऑक्सीजन प्राप्त करता है।

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी। फिर भी बातचीत में सन्तुलित रहें। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। कारोबारी कार्यों में कुछ परेशानी आ सकती है। सचेत रहें।

**मिथुन:** मन शान्त तो रहेगा, परन्तु आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन कुछ परेशान भी हो सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु मन कुछ परेशान भी हो सकता है। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी।

**कन्या:** आत्मशिवास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मि मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला:** आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु:** मन प्रसन्न रहेगा। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं।

**मकर:** मन अशान्त रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। सम्पत्ति में निवेश एवं भवन सामग्री के कारोबार में लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ:** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। आलस्य की अधिकता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**मीन:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में वृद्धि तो होगी, परन्तु यथोचित लाभ नहीं होगा। यद्यपि भागदौड़ भी अधिक रहेगी।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# उतार-चढ़ाव के बाद बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 105 अंक चढ़ा




### बाजार पर असर पड़ने की संभावना नहीं

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, 'बाजार के नजरिए से 'ऑपरेशन सिंदूर' में जो बात सबसे अलग है, वह है इसका केंद्रित और गैर–उग्र प्रकृति। हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि भारत के इन सटीक हमलों पर दुश्मन कैसे प्रतिक्रिया करता है। भारत की ओर से किए गए जवाबी हमले से बाजार पर असर पड़ने की संभावना नहीं है, क्योंकि बाजार को पहले से ही इसकी जानकारी थी।

**नई दिल्ली।** भारत के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमलों के बीच शुरूआती कारोबार में बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 30.14 अंक गिरकर 80,610.93 पर पहुंचा और निफ्टी 5.75 अंक गिरकर 24,377.70 अंक पर पहुंचा। हालांकि बाद में बाजार संभला।

बुधवार को सेंसेक्स 105.71 अंक बढ़कर 80,746.78 पर बंद हुआ; निफ्टी 34.80 अंक बढ़कर 24,414.40 की बढ़त के साथ बंद हुआ। किसे फायदा-किसे नुकसान सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक, सन फार्मा, नेस्ले, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और आईटीसी नुकसान में दिखे।

ऐसे ही टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, टाइटन, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक और भारतीय स्टेट बैंक फायदे में कारोबार कर रहे थे। एक्सचेंज डेटा के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,794.52 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। एशियाई और अमेरिकी बाजार का हाल एशियाई बाजार में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225, शंघाई का एसएसई कंपोजिट इंडेक्स और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए थे।

# 58 कंपनियों ने आईपीओ लाने की योजना टाली, इश्यू लाने के लिए सेबी के पास आवेदन में आई भारी गिरावट




**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ के कारण वैश्विक बाजार में मचे उथल–पुथल के कारण देश की 58 कंपनियों ने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम यानी आईपीओ लाने की योजना टाल दी है। इन सबको पूंजी बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल चुकी है। अगर अगले कुछ महीनों में यह कंपनियां बाजार में नहीं आती हैं तो मंजूरी खत्म हो जाएगी और नए सिरे से इनको आवेदन करना होगा। एलजी 15,000 करोड़ जुटाना चाहती है। अवांस 3,061 करोड़ व एंथम 3,404 करोड़ जुटाना चाहती है। दक्षिण कोरियाई कंपनी एलजी के मुख्य वित्तीय अधिकारी किम चांग ताए के अनुसार, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का इश्यू तभी आएगा, जब बाजार की स्थितियां सही मूल्यांकन और तालमेल सुनिश्चित करेंगी।

### एथर की खराब शुरूआत छह फीसदी टूटा शेयर

करीब 3,000 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने वाली एथर एनर्जी की खराब शुरूआत रही। मंगलवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर इसका शेयर 302 रुपये पर बंद हुआ। यह इश्यू भाव 321 रुपये की तुलना में 5.76 फीसदी कम है। दिन में यह 332 रुपये तक गया था। कंपनी ने इश्यू का आकार 44 फीसदी घटा दिया था।

### 58 फीसदी घटी आईपीओ की संख्या

प्राइम डेटाबेस के अनुसार, भारत पिछले साल दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आईपीओ बाजार था। इस साल अब तक स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध आईपीओ में 58 प्रतिशत की गिरावट आई है। ऑनलाइन ऑटोमोबाइल मार्केटप्लेस ड्रूम के सीईओ संदीप अग्रवाल ने कहा, उनकी कंपनी ने जून तक आईपीओ का मसौदा दाखिल नहीं करने का फैसला किया है।

# सेवा क्षेत्र के निर्यात के नए ऑर्डर में 9 महीने में सबसे बड़ी तेजी



**नई दिल्ली।** देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर अप्रैल में मामूली बढ़ी है। जुलाई, 2024 के बाद से यह पहली बार है जब नए निर्यात ऑर्डर इतनी तेजी से बढ़े हैं। इस वजह से एसएंडपी ग्लोबल का खरीद प्रबंधक सूचकांक यानी सेवा पीएमआई अप्रैल में बढ़कर 58.7 हो गया, जो मार्च में 58.5 पर था।

विनिर्माण व सेवा दोनों को मिलाकर तैयार होने वाला कंपोजिट पीएमआई इस दौरान 59.5 से बढ़कर 59.7 हो गया। एचएसबीसी की भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत की सेवा गतिविधियों में मार्च की तुलना में ज्यादा तेजी देखी गई है। लागत में राहत मिलने और कीमतें बढ़ाने की वजह से कंपनियों के मार्जिन बेहतर हुए हैं। भविष्य को लेकर कंपनियों का आत्मविश्वास कमजोर हुआ है। भारतीय सेवा प्रदाताओं के नए कारोबार की आवक में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई। कई कंपनियों ने अनुकूल बाजार स्थितियों व सफल मार्केटिंग अभियानों को इस वृद्धि का प्रमुख कारण बताया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सेवा कंपनियों को अच्छा प्रतिसाद मिला है। एशिया, यूरोप, मध्य पूर्व व अमेरिका जैसे क्षेत्रों से निर्यात ऑर्डर में बढ़ोतरी हुई है।

### 3.07 लाख करोड़ हो जाएगा मीडिया-मनोरंजन का बाजार

भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग 2027 तक सात प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि के साथ 3.07 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। अन्र्स्ट एंड यंग यानी ईवाई की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़कर यह 2.68 लाख करोड़ हो जाएगा। यह क्षेत्र 2024 में 81 अरब रुपये बढ़कर 2.5 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया था।

मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में वृद्धि मुख्य रूप से नए मीडिया (डिजिटल और ऑनलाइन गेमिंग) के कारण हुई। नए मीडिया में 113 अरब रुपये की वृद्धि हुई जो 12 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। इस क्षेत्र के कुल राजस्व में इसका योगदान 41 प्रतिशत हो गया। इसके विपरीत, टीवी, प्रिंट, रेडियो और संगीत जैसे पारंपरिक मीडिया के सामूहिक राजस्व में तीन प्रतिशत (30 अरब रुपये) की गिरावट आई।

## चुटकुले

गोलू- और भाई, क्या हो रहा है?
टिल्लू- क्या बताऊं यार गर्मी इतनी बढ़ गई है कि डोसा वाला मुंह पर डोसा सेंक कर देता है।

---

जज- आपको अपनी सफाई में क्या कहना है?
महिला- अब मैं क्या बोलूं, मेरे यहां सफाई नौकरानी करती है तो इस बारे में तो वही ज्यादा अच्छी तरह बता सकती है।

---

मरीज- डॉक्टर में हर बात तुरंत भूल जाता हूं? कोई दवाई दीजिए !
डॉक्टर -एक काम करो, पहले आप मुझे फीस दे दो, कहीं तुम दवाई लेने के बाद मेरी फीस भी भूल गए तो।

---

बाप : नालायक तू फेल कैसे हो गया?
बेटा : पेपर में मास्टरजी ने सवाल ही ऐसे दिए थे, जो मैंने कभी सुने ही नहीं थे.
बाप : तो तूने जवाब कैसे–कैसे लिखे?
बेटा : मैं भी होशियार ठहरा... मैं भी ऐसे उत्तर लिख आया, जो कभी मास्टर ने भी नहीं सुने।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# भारत-यूके में मुक्त व्यापार समझौता

## हीरे-चांदी समेत इन सामानों पर शुल्क में कोई छूट नहीं देगी सरकार



**नई दिल्ली।** भारत और यूके ने मंगलवार को ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क कम करेगा और ब्रिटिश फर्मों के लिए भारत को व्हिस्की, कार और अन्य उत्पादों का निर्यात करना आसान बना देगा।

ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते के तहत भारत कुछ सामानों पर ब्रिटेन के उद्योगों को शुल्क में कोई छूट नहीं देगा। जिन सामानों पर शुल्क में छूट नहीं दी जाएगी, उनमें हीरे, चांदी, स्मार्टफोन और ऑप्टिकल फाइबर आदि शामिल हैं। वहीं समझौते के तहत ब्रिटेन से आयात होने वाले पेट्रोल और डीजल इंजन वाहनों पर भी शुल्क में सीमित छूट मिलेगी। दोनों देशों के बीच इस पर सहमति बनी है।

इन सामानों को एफटीए से रखा गया बाहर मुक्त व्यापार समझौते के तहत ब्रिटेन से रियायती सीमा शुल्क दर पर आयात होने वाले ब्रिटिश इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के आयात का कोटा भी केवल कुछ हजारों तक सीमित है। वहीं संवेदनशील औद्योगिक उत्पादों जैसे प्लास्टिक, हीरा, चांदी, स्मार्टफोन, टेलीविजन कैमरा ट्यूब, ऑप्टिकल फाइबर बंडल और केबल को भी एफटीए से बाहर रखा गया है। इसके चलते इन सामानों के आयात पर भारत द्वारा ब्रिटेन को कोई लाभ नहीं दिया जाएगा। एफटीए के तहत भारत के ऑटो सेक्टर को खोला गया है। इसके तहत ऑटोमोटिव आयात पर शुल्क 100 प्रतिशत से 10 प्रतिशत हो जाएगा।

### भारतीय कार निमार्ताओं को मिल सकता है फायदा

भारत और यूके ने मंगलवार को ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क कम करेगा और ब्रिटिश फर्मों के लिए भारत को व्हिस्की, कार और अन्य उत्पादों का निर्यात करना आसान बना देगा। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। एफटीए का उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 60 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर दोगुना करना है। एफटीए के तहत भारत के ऑटो उत्पाद ब्रिटेन के बाजार में बिक सकेंगे और भारतीय ग्राहक, ब्रिटेन की प्रीमियम कारों को अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर खरीद सकेंगे। इसका असर भारतीय कार निमार्ताओं पर पड़ने की आशंका कम है क्योंकि अधिकतर भारतीय अभी भी बजट वाहनों को प्राथमिकता देते हैं।

## 08 05 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन


ऐश्वर्या मेनन
अभिनेत्री


दिव्या राजपूत


साक्षी प्रजापति


धर्म शीला सिंह


पवन गोयल
वरिष्ठ भाजपा नेता


अतुल त्यागी


श्री भगवान अग्रवाल


अमरीश त्यागी


अनुराग गर्ग


विनोद बंसल


मोहित


मुफीद आलम


संदीप डबास


राजकुमार राणा


ललित जोशी


मुकेश राघव


सोनू प्रजापति

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com




# गाजियाबाद ने कहा, हमें भारतीय सेना पर गर्व

### मुकेश पाल सिंह

मैं भारतवर्ष में किसी भी प्रदेश में देश के किसी भी कोने में बैठे हुए सिख समाज की तरफ से केंद्र में चल रही गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र कुमार मोदी और पूरी कैबिनेट का मैं आभार प्रकट करना चाहता हूं। हमारी सरकार ने सेना के प्रमुख ने आपसी तालमेल करके बड़ी सूझबूझ के साथ कल रात जो जवाब दिया है। आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त किया है ऐसा करके जो संदेश दिया है तारीफ के काबिल है। अभी कुछ दिन पहले हमारे साथ जो अन्याय आतंकवादियों के द्वारा हमारे निहत्ते घूमने गए टूरिस्ट साथियों के साथ किया गया था इसका माकूल जवाब देने का काम किया है।

### कुंवरपाल मलिक

Thanks alot Honorable prime minister Shri Narendra Modi ji and home minister Shri Amit Shah ji and Defence minister Shri Rajnath Singh ji and Army chief and our soldiers take very good revenge by Pakistan terrorist and militant.We are proud on Honorable prime minister Shri Modi ji always.Jaihind Vandematarm Bharat mata ki Jai.

### संदीप त्यागी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मजबूत इरादें और दृढ संकल्प वाली सरकार है। नरेंद्र मोदी आंतकवाद का खत्म करके दम लेंगे, भारतीय सेना के जांबाज सैनिकों ने अदम्य साहस, शौर्य का परिचय देते हुए और भारत की नारी शक्ति ने दुर्गा रूप में आकर राक्षस रुपी आतंकवादियों का समूल नाश करने का कार्य किया इसके लिए बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनायें। आंतकवादियो और पाकिस्तानियों के नापाक इरादों खत्म करने काम भारतीय सेना करेगी।

### निखिल कुमार

देश के लिए यह बहुत गर्व की बात है कि आज हमारी सेना ने पहलगाव अटैक का बदला लिया है। सेना ने पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानो पर जो अटैक किया है। उससे सभी देशवासियो में खुशी की लहर है। हमे अपने प्रधानमंत्री और सेना पर पूरा भरोसा है। आज की घटना के बाद आगे कोई भी देश भारत पर आँख उठाने से पहले कई बार सोचेगा। यह नया भारत है यह घर में घुसता भी है और मरता भी है।

### योगेश त्यागी

सरहद की खामोशी अब टूट चुकी है। भारत की चुप्पी अब छूट चुकी है। सिंदूर है यह शौर्य का कोई रंग नहीं, यह बदला है उन आंसुओं का कोई जंग नहीं।। यह रोने वाला भारत नहीं यह बदला लेने वाला भारत है हमें सेना पर गर्व है।

### डॉ सौरभ मिश्रा

पाकिस्तान पर आज हुए हमले पर भारतीय सेना को सालम 26वे रक्तांजलि के साथ।

### संदीप कुमार गुप्ता

*ऑपरेशन सिंदूर* चलाकर भारतीय सेना ने भारतीय माताओं व बहनों के सम्मान में पापीस्थान से पहलगाम का बदला लिया है। धर्म पूछकर गोली मारने वाले आतंकवादियों को भारतीय सेना ने उनके घर में घुसकर मारा है। मेरी नजर में *ऑपरेशन सिंदूर* नाम का चयन भी प्रतीकात्मक है क्योंकि पहलगाम हमले में आतंकियों ने विशेष रूप से विवाहित महिलाओं को निशाना बनाया था, जिससे उनकी मांग का *सिंदूर* मिट गया। तीनों सेनाओं और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का नेतृत्व बधाई के पात्र है।

### उदय गुर्जर जावली

भारतीय सेना पर हमें गर्व है।

### अवतार भाटी

पाकिस्तान एक परेशान मुल्क है आज उसका ही जन्मा आतंकवाद खुद उसको ही भारी पड़ रहा है – ना निगल पा रहा है ना उगल पा रहा है जबरदस्त जवाबी कारवाही के लिए हम अपने सैनिको का वंदन करते है
जय हिन्द जय भारत की सेना
धन्यवाद मोदी जी – आपने मिशन सिंदूर नाम रख के माता बहनो के सिंदूर को भी मान सम्मान देने का कार्य किया।

### अभिषेख पंडित

बीते 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमले में जो हमारे देश के निर्दोष नागरिक मारे गए थे एवं घायल हुए थे उस दिन भारत देश का प्रत्येक नागरिक खून के आंसू रोया था आज ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमारे मोदी जी के नेतृत्व मैं भारत सरकार द्वारा हमारे देश की सैनाओ का काम सच में काबिले तारीफ है आज पहलगाम आतंकी हमले का बदला पूरा हो गया है और ऑपरेशन सिंदूर बेहतरीन तरीके से सक्सेसफुल हुआ है आज पूरा देश खुश है।

### अंकित गिरि

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश की सेना ने जो पराक्रम दिखाया है वो अद्भुत है पाकिस्तान को उसकी औकात बतानी थी पाकिस्तान में घुसकर देश के वीर जवानों ने आतंकियों के 9 ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया पीएम ने इस ऑपरेशन का नाम ₹ऑपरेशन सिंदूर₹ रखकर उन माताओं, बहनों को पहलगाम हमले में उजड़े सिंदूरो का बदला लेकर सच्ची श्रद्धांजलि दी सेना के शौर्य पर पूरे देश को फक्र है। हमे गर्व है देश की सेना, सरकार पर। भारत माता की जय।

### निखिल कुमार

देश के लिए यह बहुत गर्व की बात है की आज हमारी सेना ने पहलगाव अटैक का बदला लिया है। सेना ने पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानो पर जो अटैक किया है उससे सभी देशवासियो में खुशी की लहर है। हमे अपने प्रधानमंत्री और सेना पर पूरा भरोसा है। आज की घटना के बाद आगे कोई भी देश भारत पर आँख उठाने से पहले कई बार सोचेगा। यह नया भारत है यह घर में घुसता भी है और मरता भी है।

### नीलकमल गौतम

जैसे को तैसा के साथ भारतीय सेना ने पाकिस्तान को जवाब दिया मुझे ओर मेरे सभी देशवासियों को अपनी सेना व भारत सरकार दोनों को सलाम जय हिन्द जय भारत।

### तनुज गंभीर

भारतीय सेवा द्वारा जो 6 मई की रात को ऑपरेशन चलाया गया है। इसकी जितनी तारीफ की जाए वह काम है। पहलगाम में जो हमारे 26 भाई शहीद हुए है जिनको उनके परिवार के सामने गली मार दी गई।
आज भारतीय सेना ने अपना धर्म बात कर आतंकियों के गढ़ जो पाकिस्तान में चल रहे थे उनको बर्बाद किया है। हम अपनी सरकार अपनी फौज के साथ खड़े हैं। कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है। जिससे हम लेकर ही रहेंगे। पाकिस्तान की कायराना हरकत का भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया है
जय हिंद जय भारत

### आयुष गर्ग

जिन बहन बेटियो के सिंदूर मिटाए गए। आज उन्हे समर्पित हैं। ऑपरेशन सिंदूर
22 :अप्रैल – मोदी को बता देना और 7 : मई– मोदी ने बता दिया।

### मौ. यूनुस कुरैशी

भारतीय सेना को सलाम सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा

### मुकेश पाल सिंह

पाकिस्तान के उग्रवादियो पर किया गया करारा हमला हमारे फोजी भाइयों की बहुत बड़ी जीत है। पाकिस्तान ज़िन्दगी भर याद रखेगा। मोदी है तो मुमकिन है।

### आदित्य शुक्ला

ऑपरेशन सिंदूर भारत की संकल्पशक्ति का प्रतीक था। नेतृत्व का असली मूल्य संकट में निखरता है। ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया कि जब अपने नागरिकों की बात होती है, तो भारत कभी देर नहीं करता। इस अभूतपूर्व ऑपरेशन में शामिल भारत की पूरी टीम को मेरा नमन।

### स्नेहा सिसोदिया

#### ऑपरेशन सिंदूर से भारत वाशियों के दिल को मिला सुकून



ऑपरेशन सिंदूर के बाद नरेन्द्र मोदी ने भारतवासियों के दिल मे एक अलग जगह बना ली है। उन्होंने जिस तरह हमारे लोगो से धर्म पूछकर मारा था। किसी बात की फिक्र ना करते हुए हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके घर में घुसकर बदला लिया है। ऑपरेशन सिंदूर के किये भारतवासियो की तरफ से ढेर सारी शुभकामनाएं।



### वीरेंद्र यादव एडवोकेट



भारतीय सेना पर हम गर्व करते हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करते हुए मुहंतोड़ जवाब दिया है। हम अपने जाँबाज सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं। आज का दिन इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में दर्ज हो गया है। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत वो कर दिखाया जो हर देशवासी के सीने में जोश भर दे। हमारा मस्तक ऊंचा कर दिया। पाकिस्तान की सरजमीं पर छिपे आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर हमारी सेना ने उन दरिंदों को उन्हीं की जुबान में जवाब दिया है, जिन्होंने हमारे निर्दोष नागरिकों और पर्यटकों का पहलगाम में खून बहाया। ये ऑपरेशन हमारे वीर जवानों के पराक्रम, साहस और शौर्य का प्रतीक है। ये पाकिस्तान को साफ संदेश है कि भारत अब सहन नहीं करेगा। दुश्मन को उसकी भाषा में ही मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। अब हर शहीद का बदला लिया जाएगा। मैं भारतीय सेना को सलाम करता हूँ। उन माता-पिता को प्रणाम करता हूँ। जिन्होंने ऐसे वीर सपूतों को जन्म दिया। और हर उस शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, कोटि कोटि नमन करता हूं। जिन्होंने इस देश के लिए अपने प्राणों को न्योछावर किया। राष्ट्रीय एकता और अखंडता की रक्षा के लिए सभी स्तर पर एकजुटता की सर्वाधिक जरूरत है। इतिहास गवाह है कि हमारे नायकों ने हमेशा राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए, देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी शहादत दी है। जय हिंद, जय हिंद की सेना, भारत माता की जय।

### मुकेश पाल सिंह

पाकिस्तान के उग्रवादियो पर किया गया करारा हमला हमारे फोजी भाइयों की बहुत बड़ी जीत है। पाकिस्तान ज़िन्दगी भर याद रखेगा। मोदी है तो मुमकिन है।

### पंडित सिवम शुक्ला

पाकिस्तान में आज हुए हमले भारतीय सेना पर सलाम। आप भी अपना उद्घोष देश के वीर सैनिकों के नाम पर प्रस्तुत करें।

### विपुल सिंह

आतंकवाद छुपकर वार करने वालों को मुंहतोड़ जवाब घर में घुसकर भारत के नौजवानों ने और नारी शक्तियों ने कर के दिखाया *नफरती चिंटूओं* की *खुशी* पर काफी बड़ा *आघात* हुआ है मित्रों ये तो सिर्फ ऑपरेशनसिंदूर नाम से शुरूवात है, पाकिस्तान पर रात्रि में हुए हमले पर भारतीय सेना को दिल से सलाम

### भैरव कुमार झा

शांति की चाहत थी, पर कमजोरी नहीं,
भारत ने दिखाया, जवाब भी जरूरी है वहीं।
जहाँ से उठता है आतंक का धुआँ, अब वहीं गूंजती है भारतीय सेना की गूंज। ये नया भारत है, चुप नहीं रहेगा,
जो भी आँख उठाएगा, वो मिटा दिया जाएगा।
सेना का पराक्रम झ देश की शान है,
हर हिन्दुस्तानी को उन पर अभिमान है!
जय हिंद जय भारत

### निशांत शेखर गुप्ता

जितना संयमित और सटीक लक्ष्यभेदी ऑपरेशन।
उतना ही उचित और संयमित बयान....
यह हमला पूरी तरह गैर-उकसावे वाला, सीमित और केवल आतंकवाद के खिलाफ था। यह कोई युद्ध नहीं, बल्कि आत्मरक्षा और न्याय का जवाब है।₹
यह अपनी संप्रभुता के प्रति सजग, एक गंभीर राष्ट्र का आधिकारिक बखान है।

### मैहताब खान

देश के सैनिकों को दिल से सलाम हम चैन से रात भर सोते रहे और हमारी हिफाजत के लिए रात भर दुश्मन के देश में घुसकर हमारे देश के भाईचारे को मिटाने की कोशिश करने वालों को सबक सिखाते रहे जय हिंद जय भारत।

### श्रेय अरोरा

हमें हमारी भारतीय सेना पर गर्व है हम भारतीय हमेशा अपनी सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े है हमें पूरा भरोसा है कि इसके प्रकार की कार्यवाही से आतंकवाद जल्द ही खत्म हो जाएगा।

### प्रवीन

जय हिन्द जय भारत सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर भारत ने यह दिखा दिया है यह नया भारत है यह बदला लेना जानता है। 1971 के बाद हमारी सेवा ने पाकिस्तान में घुसकर हमला किया है। सभी तो आगाज हुआ है आंतकवाद के खात्मे के साथ पूरे अंजाम तक जारी रहेगा। हमारी सेना के शौर्य पराक्रम पर हमें गर्व है। सेना को मेरा दिल से सैल्यूट है। प्रवीण बत्रा। वरिष्ठ समाज सेवी।

### रमाकान्त शर्मा

भारतीय सेना के शौर्य और वीरता पर हर भारतीय को गर्व है, आतंकवाद के खिलाफ इस जंग में 140 करोड़ देशवासी अपने जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं, हमारी सेना का साहस, हमारा गौरव है। एकजुट होकर हम आतंकवाद को हराएंगे। जय हिंद, भारत माता की जय।

### अमित किशोर

पहलगाम हमले का करारा जवाब – ऑपरेशन सिंदूर
पहलगाम में हमारे टूरिष्ट पर हुए कायराना हमले का भारत ने करारा जवाब दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हमारे वीर सैनिकों ने शहीदों का बदला लिया और देश की गरिमा को फिर से स्थापित किया। इस साहसिक और निर्णायक कार्रवाई के लिए मैं भारत के प्रधानमंत्री रक्षामंत्री श्री और भारतीय सेना के हर एक वीर योद्धा को दिल से धन्यवाद देता हूँ। आप सभी ने यह साबित कर दिया कि भारत अपने शहीदों को कभी नहीं भूलता और हर हमले का जवाब पूरे सम्मान और ताकत से देता है।

### संजीव शर्मा शलेमाबाद

यह कारवाई भारत की सेना की छमता को दर्शाती है। भारत में हमला करके पूरी दुनिया को दिखा दिया। भारत में सांवला किया कि पाकिस्तान और आतंकवादी संगठन हमला करने से पहले दोबारा सोचेंगे हमें अपनी सेना पर गर्व है।

### बिमला रावत

सुनो गौर से दुनिया वालों वालों बुरी नजर न हम पर डालों...!!
हमनें केवल उन्हीं को मारा, जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा...!
रक्षा मंत्री माननीय राजनाथ सिंह का यह बयान भारत के क्रोध के साथ उसकी संवेदनशीलता को भी दर्शाता है...! देश क्रोध और बदले की भावना से उबल रहा है, सेना सक्षम है और कुछ भी – कुछ भी कर गुजरने को तैयार है, लेकिन उसके बावजूद दुश्मन को अब भी सुधरने के मौके के साथ आंतकवाद को भी स्पष्ट संदेश दिया गया है, और इस बार तो घर पर घुसकर मार की गई है, जिस जगह पर आतंकी मसूद अजहर का मरकज है उस जगह को मुख्य रूप से टारगेट किया गया है, पाकिस्तान के फौजी कैम्प उनसे ज्यादा दूर नही है, अत: सीधा संकेत दिया गया है कि, आप भी हमारी जद में है, सुधर जाओ, वरना लाहौर कही लाहौल बिलाकुअत न हो जाये...! ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया है, और दुनिया को भी हमले की जानकारी दो महिला सैन्यकर्मियों द्वारा दिला कर एक संदेश दिया गया है, की समझ सको तो हिंद की दुर्गा को समझ लो...! सिंदूर वीर बजरंगी को भी दर्शाता है...माँ अंजली का लाल अगर ठान ले तो किसी की भी लंका में आग लगा सकता है...! ऑपरेशन सिंदूर के लिये भारतीय फौज को हर भारतीय का दिल से सलाम... जय हिंद...!

### केडी त्यागी

भारत की वायु सेना द्वारा ना सिर्फ पाक अधिकृत कश्मीर बल्कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के अंदर तक पाकिस्तान पोषित आतंकवाद पर किए गए करारे हमले ने आतंकवाद की कमर तोड़कर रख दी। भारतीय फौज ने हमारे देश की माता बहनों के उजड़े सिंदूर का बदला आतंकवादियों को मौत के घाट उतार कर लिया, यह सेना के शौर्य और प्रधानमंत्री मोदी जी के राष्ट्रवाद तथा द्रण इच्छाशक्ति का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर ने

### स्पर्श अग्रवाल

तुम हमारी मां बहनों का सिन्दूर मिटाओगे
हम बजरंगी के पुजारी मंगल को ही सिंदूर चढा देंगे। पाकिस्तान तेरी लंका जला देंगे। बालाजी महाराज की जय

### परमजीत सिंह पम्मी

कवि नगर गाजियाबाद
मेरा ऑपरेशन सिंदूर के बारे ये कहना कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी समस्त टीम का पाकिस्तान पर अटैक करने निर्णय बहुत ही उत्तम निर्णय है। जो मुंह तोड़ जवाब दिया हैं इससे हमारी बहन बेटियों के जो आतंकियों ने सुहाग उजाड़े थे। उन सभी का इस ऑपरेशन से काफी सकून मिला हैं। मेरा तो ये कहना है कि भारत द्वारा पाकिस्तान के सभी आतंकियों का नामों निशान मिटा देना चाहिए। ये भारत के लिए एक बहुत अच्छा अवसर है अगर इस काम में हमें किसी तरह का कोई मौका मिले तो हम भी पीछे नहीं हटने वाले हैं। अंत मोदी जी के लिए चंद लाइने लिखी हैं घर में घुसकर मारा है, कब्र तुम्हारी खोदी है, भारत की गद्दी पर बैठा, बाप तुम्हारा मोदी है!
भारत माता की जय.

### गयासुद्दीन भाजपा

हम 140 करोड़ भारतीय को गर्व है भारतीय सैनिकों पर जब जब भारत पर हमला हुआ है जब-जब भारतीय सैनी कौ न है पाकिस्तानियों को मुंहतोड़ जवब दिया है सलाम है अपने फौजीभइयों को जब-जब भारत पर कोई भी बुरी निगाहों से दिखगा उसको ऐसे ही मिट्टीजाएगा मिलादिया जाएगा जय हिंद जय भारत माता की जय।

### हरीश गौर

हम अपने देश के गौरव की रक्षा में तत्पर भारतीय सेना आपकी सेवा, आपकी वीरता आपके शौर्य का सम्मान करते हैं आपकी दृढ़ इच्छा शक्ति को नमन करते हैं।

### हेमन्त जौशी

सर्वप्रथम देश के शहीदों को नमन।
हमने लौटाए सिकंदर सर झुकाए
हमसे भीड़ता हैं वो पाकिस्तान जिनका मन धरा से भर गया है। नरक में तुम पूछना अपने बुजुर्गो से कभी भी, उनके माथे पर हमारी थोकरो का हीं बया हैं,
आज हमारी भारतीय सेना ने फिर अपने सौर्य का परचम पुरे विश्व मे दिखाया हैं। सेना ने आज अपना रुख साफ कर दिया हैं की जो हमारे देश का सिंदूर मिटायेगा हम उस के घर के सिंदूर के साथ साथ सभी चिराग भी मिटा देंगे कहमे अपनी सेना पर पहले भी गर्व था आज भी और भविष्य में भी रहेगा कआज सेना ने पाकिस्तान को बता दिया की बाप बाप होता हैं कपाकिस्तान की सेना के कंधो पर लगे इतने मैडल सिर्फ आतंकवादियों को ट्रेनइंग देकर ही मिले हैं कपाकिस्तान अब आतंकइस्तान बन चुका हैं और अब बस सिर्फ इन्हे चुन चुन कर ऐसे ही मारना हैं कमैं मोदी जी और भाजपा सरकार को भी धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने सेना को खुली छुट दी और अपने सेना ने अपने पराक्रम का लोहा मनवाया।

### अमित कुमार

पहलगाम में हुए भीषण और क्रूर नरसंहार का ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय वायुसेना और थलसेना ने आतंकवादी कैंपों को निशाना बनाकर आतंकवादियों को खत्म करके बदला लिया जो उन निर्दोष लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि है जो पहलगाम में मारे गए थे भारतीय सेना ने आतंकवादियों और उनकी सरपरस्ती करने वालों को भी को बता दिया की गुनाह करने वालों को चुन चुन कर उनको खत्म किया जाएगा। जय हिन्द जय भारत

### देवेन्द्र भारती

जय हिंद भारत माता की जय नया भारत नया युग की शुरू नहीं झुकेगा भारत किसी के सामने आतंक के खतमें की शुरूआत हमें एक साथ कई लड़ाई लड़नी है अपने अंदर जो जहरीले सांप बैठे हैं उनको भी खत्म करना है चुन चुन कर मारना है।

### दिनेश तोमर

22 अप्रैल को हुए पहलगांव हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा की गई कार्यवाहियों से सभी भारतीय संतुष्ट हैं और सभी भारतीय गर्व महसूस कर रहे हैं धन्यवाद, भारतीय सरकार और भारतीय सेना जय हिंद।

### पुष्पेंद्र गोला

भारतीय सेना के द्वारा की पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को दुनिया के सामने दिखाते हुए, जो कार्यवाही की गयी वो प्रत्येक भारतीय के सीने में गर्व को भर देती है। सेना द्वारा लिया गया निर्दोष भारतीयों की शहादत का बदला ऑपरेशन सिंदूर भारतीय इतिहास में युगों युगों तक याद किया जायेगा एवं यह भविष्य के लिए शांति का मार्ग सिद्ध होगा। सेना के पराक्रम ने प्रदर्शित कर दिखाया की भारत अब घर में घुस कर बदला लेता है...जय हिन्द!

facebook
**बहादुर सिंह**
हमारी सेना हमारा मान अभिमान, हमे गर्व है देश की सेना, सरकार पर।
करंट क्राइम

### भारत ने पहलगाम का लिया बदला

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पहलगाम का लिया बदला। आतंकियों के ठिकाने किए ध्वस्त गाजियाबाद दुबई मॉल के पीछे आरडीसी अखिल भारतीय हिंदू महासभा विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में खुशी का इजहार किया जाएगा। समय प्रात: 11:00 बजे आप सादर आमंत्रित हैं।



**नमिता भल्ला** – जय हिंद जय भारतीय सेना के वीर सपूतों भारत ने दिखा दिया वह विश्व की सबसे बड़ी ताकत है अपने शत्रु को मुंहतोड़ जवाब देना जानता है यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश एक बार फिर पूरे स्वाभिमान के साथ शत्रु की छाती पर खड़ा है **जय हिंद जय भारत**

facebook
**गौरव गर्ग**
भारत के शूरवीरों की जय हो विजय हो, जय श्री राम।
करंट क्राइम

# शहर में नहीं बसेंगे रोहिंग्या और बंगलादेशी, झुग्गियां देखने पहुंचीं महापौर

## वार्ड 16 गढ़ी सिखरोड, वार्ड 50 व 31 सिहानी, वार्ड 7 सुदामापुरी, हाथी पार्क इंदिरापुरम, 5 नंबर भट्टा मेरठ रोड व वार्ड 24 महरौली में बसे है बांग्लादेशी







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** देश मे बसे रोहीनगियो और बांग्लादेशियों की तादात बढ़ती जा रही है। ये लोग झुग्गियां डाल कर कही भी बस जाते हैं और कूड़ा कबाड़ा इकठ्ठा करते हैं। कई बार देखने मे आता है कि किसी भी स्थान पर कोई भी वारदात हो जाती है और वारदात करने वाले पता नही कहाँ चले जाते है। ऐसे ही गाजियाबाद शहर जो दिल्ली से लगा हुआ है इस शहर में भी रोहीनगियो व बंगलादेशियो की संख्या बढ़ती जा रही है जिसको किसी भी स्तर से रोकने का कार्य नही किया जा रहा है। कुछ समय पहले देश के पहलगांव में हुए आतंकवादियों द्वारा हिंदुओ पर अत्याचार व बेहरहमी से कत्ल किये जाने पर देश मे बहुत रोष है जिसको लेकर सभी देश भी भारत के साथ हैं और ऐसे में देश मे बसे रोहीनगियो व बंगलादेशियो पर कार्यवाही कर इनको भी इनके देश वापस भेजने की तैयारी होनी चाहिए। इसी क्रम में महापौर सुनीता दयाल को लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी जिसका संज्ञान लेने महापौर स्वयं निकल गयी और झुग्गी झोपडियों में बसे इन लोगो को देखा।

- **शहर में किसानों ने अपनी भूमि पर बसा रखे हैं रोहीनगिया और बांग्लादेशी:महापौर**
- **महापौर की पुलिस कमिश्नर से हुई बात होगी जांच और फिर कार्यवाही**
- **देश के लिए नासूर है शहर में बसे रोहीनगियाँ और बांग्लादेशी:महापौर**

यहां वार्ड 16 गढ़ी सिखरोड, वार्ड 50 व 31 नूर नगर के खेतों में व सिहानी, वार्ड 7 सुदामापुरी, हाथी पार्क के पीछे इंदिरापुरम, 5 नंबर भट्टा मेरठ रोड पर व वार्ड 24 महरौली में खेतों में रोहीनगियां और बांग्लादेशी बसे है। जिसको लेकर महापौर ने इनसे बात की तो पता चला कि इनको अरशद नामक ठेकेदार ने यहाँ बसवाया है।

महापौर ने ठेकेदार अरशद को मौके पर बुलाया और बात की। पूछने पर अरशद ने बताया कि हम तो लम्बे अरसे से यहाँ रहते है। हमारे आधार यहाँ के नही है लेकिन काम यही करते हैं। महापौर ने गढ़ी सिखरोड में बसी झुग्गियों के मालिक को बुलवाया जो अपने घर ही था। अंकुर चौधरी नामक व्यक्ति ने अपनी भूमि में इन रोहीनगियो और बांग्लादेशियों को बसाया हुआ है। महापौर ने बताया कि शहर से किसान ही अपनी भूमि पर रोहनगियो और बंगलादेशियो को बसा रहे है। मेरी उन सभी से अपील है कि वह जल्द से जल्द अपनी भूमि खाली करा दे अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। इस विषय को लेकर महापौर ने पुलिस कमिश्नर से भी वार्ता की, जिसके लिए पुलिस विभाग ने इन स्थानों की लिस्ट मांगी गई है ताकि इनकी जांच कर कार्यवाही की जा सके।

# तहसील बार एसोसिएशन गाजियाबाद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न













**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** तहसील बार एसोसिएशन गाजियाबाद की नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को संपन्न हुआ इस समारोह में अध्यक्ष पद पर लोमेश कुमार भाटी सचिव पद पर संजय कुमार यादव ने शपथ ली इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर विनोद गौतम सहसचिव पद पर रितेश गौतम सांस्कृतिक सचिव पद पर सिद्धार्थ शर्मा कोषाध्यक्ष पद पर मोनू शर्मा ने शपथ ली। इस शपथ ग्रहण समारोह में कार्यकारिणी सदस्य के लिए विशेष गर्ग दिवाकर शर्मा तथा जावेद खान ने शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव कुमार गौड़, खतौली विधायक मदन भैया, शहर विधायक संजीव शर्मा एसडीम अरुण दीक्षित पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव सदर तहसीलदार रवि कुमार सिंह तथा सहायक आयुक्त स्टांप पुष्पेंद्र कुमार भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# सांसद अतुल गर्ग ने इंजीनियरिंग कॉलेज में फ्री सीटों के लिये की घोषणा

## कहा- आर्थिक रूप से कमजोर पांच प्रतिशत छात्रों के लिये इंजीनियरिंग कॉलेज में फ्री सीटें

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सांसद अतुल गर्ग ने उन छात्रों के लिये इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश के रास्ते खोले हैं जो मेधावी हैं, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर हैं। ऐसे पांच प्रतिशत छात्रों को फ्री सीटें मिलेंगी। आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों के लिये प्रवेश निशुल्क होगा, कोई फीस नहीं होगी। अतुल गर्ग ने बताया कि एआईसीटीई अधिसूचना के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी उम्मीदवारों के लिये एकेटीयू लखनऊ से संबंध सभी संस्थानों में शुल्क माफ सीटें रखी गई हैं।

बीटेक, बीफार्मा, एमसीए, एमबीए पाठ्यक्रमों में ये सीटें उपलब्ध हैं। ऐसी सीटों पर प्रवेश पाने वाले उम्मीदवारों से कोई शिक्षण शुल्क नहीं लिया जाता है। शुल्क माफ सीटें पाठ्यक्रम में स्वीकृत प्रवेश के अधिकतम पांच प्रतिशत तक सीमित होंगी और स्वीकृत प्रवेश से अलग होंगी। यह जानकारी देते हुए बताया गया है कि इस सुविधा का लाभ उठाने के लिये उम्मीदवार को दस्तावेजों के सत्यापन के समय प्रमाण पत्र संख्या-



12 यानी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसे ईडब्ल्यूएस श्रेणी के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए। शुल्क माफ सीटों के बारे में सोचना उत्तर प्रदेश तकनीकी प्रवेश काउंसलिंग की वेबसाइट पर शीघ्र ही उपलब्ध हो जाएंगी। शुल्क माफ सीटों पर प्रवेश के लिये उम्मीदवार के परिवार की सालाना आय 8 लाख से कम होनी चाहिए। दस्तावेजों के सत्यापन के समय आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा उम्मीदवार की जेईई मेन में उत्कृष्ट रेंक होनी चाहिए। शुल्क माफ सीटों के लिये लखनऊ की काउंसलिंग के माध्यम से एकेटीयू से आवंटित की जाती हैं। उम्मीदवार को जेईई मेन परीक्षा का रिजल्ट आने के बाद एकेटीयू लखनऊ में काउंसलिंग के लिये रजिस्ट्रेशन कराना होगा। रजिस्ट्रेशन विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जुलाई माह में शुरू होता है। रजिस्ट्रेशन के बाद उम्मीदवार को अपने कॉलेज तथा ब्रांच की च्वाइस लॉक करनी होगी। एकेटीयू लखनऊ दस्तावेजों के सत्यापन के समय आय प्रमाण पत्र की जांच करेगा तथा उम्मीदवार की जेईई रेंक और च्वाइस के आधार पर कॉलेज का आवंटन करेगा।

# सोसायटी में रहने वाले किराएदारों के लिए निर्देश जारी, 10 दिन में जमा करना होगा पुलिस सत्यापन






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारत सिटी फेज-वन सोसायटी में आतिशबाजी व विस्फोटक सामग्री मिलने के बाद से ही लोगों में दहशत है। इसको लेकर सोसायटी की एओए ने किरायेदारों का रिकॉर्ड तैयार करना शुरू कर दिया है। सभी किरायेदारों को 10 दिन के अंदर सत्यापन से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने की एडवाइजरी जारी कर दी है।

जिन्होंने पुलिस सत्यापन नहीं कराया है उन्हें निर्धारित तिथि तक कराकर देना होगा। भारत सिटी सोसायटी फेज-वन के 18 टावर में कुल 1800 फ्लैट हैं। इनमें से 1946 फ्लैट में लोग रह रहे हैं। इनमें से करीब 550 फ्लैट में किरायेदार रह रहे हैं। एओए अध्यक्ष जय प्रकाश ठाकुर ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों की मदद से सभी किरायेदारों की सूची तैयारी करनी शुरू कर दी है।

सभी किरायेदारों से 10 दिन के अंदर मेंटेनेंस कार्यालय में वर्तमान किराया समझौता व पुलिस सत्यापन रिपोर्ट जमा कराने को कहा गया है। जिन किरायेदारों के पास पुलिस सत्यापन नहीं है। वे संबंधित थाने में आवेदन करके उसका स्टेटमेंट कार्यालय में जमा कराएं। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखना है। अध्यक्ष ने बताया कि सोसायटी द्वारा जल्द ही एक विस्तृत किरायेदार नीति भी जारी की जाएगी। जिससे किरायेदारों का पंजीकरण व नियमों में पारदर्शिता बनी रही।

दरअसल बीते दिनों सोसायटी में आतिशबाजी व विस्फोटक सामग्री पाई गई थी। विस्फोटक लाने वाले आरोपित मोहित गोस्वामी ने सोसायटी के टावर सी-टू में फ्लैट नंबर 601 किराए पर ले रखा था। इसको ध्यान में रखते हुए एओए ने ये कदम उठाया है। सत्यापन जमा नहीं करने पर फ्लैट करना होगा खाली भारत सिटी फेज-वन सोसायटी में रहने वाले हर किरायेदार को पुलिस सत्यापन कराकर देना होगा। ऐसा नहीं करने पर फ्लैट खाली करा दिया जाएगा। नए किरायेदारों को बिना पुलिस-प्रशासन के सत्यापन के रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का हुआ भव्य स्वागत



































**गाजियाबाद(करंट क्राइम)।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का बुधवार को कवि नगर के लायंस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में धूमधाम से स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा के महानगर मंत्री गुंजन शर्मा एडवोकेट के संयोजन में संपन्न हुआ। महानगर मंत्री गुंजन शर्मा ने महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के सम्मान में यह स्वागत समारोह आयोजित किया था इस समारोह में भाजपा के कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# भारतीय सेना की कार्रवाई से संतोष हॉस्पिटल में जश्न का माहौल

## कहा, यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पाकिस्तान और आतंकियों को करारा जवाब देने की भारतीय सेना की साहसी कार्रवाई के बाद पूरे देश में खुशी और गर्व का माहौल है। इसी कड़ी में संतोष हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज में भी इस अवसर को विशेष रूप से मनाया गया। यहां संतोष हॉस्पिटल के डॉक्टरों और स्टाफ ने एकत्र होकर देश की वीरता को सलामी दी और जवानों के शौर्य को नमन किया।

इस अवसर पर डेंटल डिपार्टमेंट के प्रमुख (एचओडी) डॉ. मनीष सब्बरवाल ने कहा, आज पूरे देश में उल्लास और गर्व का वातावरण है। भारतीय सेना ने जिस प्रकार आतंकवाद के खिलाफ कठोर और निर्णायक कदम उठाया है, वह प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणादायक है। हमारी सेना ने यह दिखा दिया है कि भारत अब सिर्फ सहने वाला देश नहीं, बल्कि निर्णायक कार्यवाही करने वाला राष्ट्र है।

डॉ. श्वेता चौधरी ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा, आज 140 करोड़ भारतीयों को केंद्र सरकार और उन सभी सैन्य कर्मियों पर गर्व है जिन्होंने इस ऐतिहासिक कार्यवाही को अंजाम दिया। यह केवल सैन्य विजय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान की पुनर्प्रतिष्ठा है।

इस अवसर पर सुमित, जितेन्द्र, काजल, सोनू भारती हॉस्पिटल स्टाफ और डॉ. शिवानी शर्मा और डॉ. नेहा सहित अनेक वरिष्ठ डॉक्टर मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह केवल सैन्य सफलता नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा का जागरण है।

डॉक्टरों ने यह भी सुझाव दिया कि मेडिकल संस्थानों को भी ऐसे अवसरों पर युवाओं को राष्ट्रसेवा और जागरूकता के लिए प्रेरित करना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी न केवल अपने पेशे में कुशल हो, बल्कि एक जागरूक नागरिक भी बने।

संतोष हॉस्पिटल में मनाया गया यह आयोजन न केवल देशभक्ति की भावना को मजबूत करता है, बल्कि यह भी दशार्ता है कि हर क्षेत्र–चाहे वह चिकित्सा हो या शिक्षा–देशहित में एकजुट है।

# पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक से भारत में खुशी का माहौल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत ने पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई से सभी भारतवासी खुश हैं। मुरादनगर गाजियाबाद में भी नगरवासियों ने दमयंती सिंह के निवास पर इकट्ठे होकर एक दूसरे को मिठाई खिलाई और खुशी का इजहार किया और भारत माता की जय और हिंदुस्तान जिंदाबाद के खूब नारे लगाए गए। कुंवर शहजाद चौधरी ने कहा कि इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार आधी रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके, यानी पाक अधिकृत कश्मीर के भीतर एयर स्ट्राइक की जिससे हम सब खुश हैं।

इस हमले में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और भारत सरकार ने इसका नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। दमयंती सिंह ने कहा ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। नितिन गोयल ने कहा कि हम सभी इस ऑपरेशन सिंदूर की तीनों सेनाओं की तारीफ करते हैं ये नया भारत है। पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। ये तो होना ही था।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे नदिया पार में 10 तारीख की तैयारियों वाली बैठक में मौजूद? कई प्रमुख चेहरे मंच पर थे विराजमान? फिर अचानक हमारा मंच की एक खाली कुर्सी और दर्शकदीर्घा में बैठे महानमंत्री पर गया ध्यान? हमारे दिमाग में उठने लगे यही सवाल? क्यों नहीं रखा रखने वालों ने महानमंत्री का ख्याल? प्रोटोकॉल के अनुसार उन्हें मिलना चाहिऐ था उनको मंच पर स्थान? मगर जब मोहब्बत किसी ओर से हो? तो फिर ऐसी तमन्नाएं तो हो ही जाती है कुर्बान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम खड़े थे राजनगर एक्सटेंशन के प्लेटिनम क्राउन रिर्सोट के बाहर? अचानक हमारे कानों तक पहुंची दो चेहरों की तकरार? हम देख रहे थे भगवा योद्धा की टीम में आने को आतुर दो ब्राह्मण चेहरे आपस में कर रहे थे मुंह–भाषा? देखने वाले देख रहे थे उनका ये तमाशा? सुना है एक ब्राह्मण चेहरा दूसरे ब्राह्मण चेहरे से कह रहा था ये बात? अगर सभी अभियानों पर रहेगा तुम्हारा कब्जा? तो क्या फिर मूंगफली छीलेंगे हमारे हाथ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि किसी चेहरे ने कर दी भगवा योद्धा की इंटरनल वाली मीटिंग लाईव? वो सोच रहा था ऐसा करने पर उसे नंबर मिलेंगे 5 में से 5? मगर लगने वाले को नहीं लगी मीटिंग आउट करने वाले की ये बात नाईस? उन्होंने कहा कि हर मामले में कैमरा नहीं चलाया जाता है? कुछ मामले करने पड़ते हैं आईस–पाईस? ये राजनीति है अभी भी लग सकता है धक्का? किसी ने पकड़ ली अगर कोई बात, तो हो जायेगी हमारी धप्पा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योद्धा की शान में गुंजन भैया ने कर दिया कार्यक्रम जोरदार? भीड़ जुटाकर दे दिया संदेश? समाज के हर वर्ग का जुटाया हुआ है उन्होंने जनाधार? कहने वाले ने कहा अब हम इसी तरह के मीटिंग का भगवा झा और भगवा मास्टर के द्वारा होने का कर रहे हैं इंतजार? हम भी देखना चाहते हैं भगवा योद्धा के सम्मान में क्या ये भी ऐसी बैठक करा पायेंगे जोरदार? कहने वाले ने कहा मीटिंग की सफलता को देखकर लग रहा है? भगवा योद्धा की टीम में गुंजन भैया को मिलने वाला है इस बार मजबूत वाला किरदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप हमारी बात पहुंचा देना उन पूर्व पार्षदों तक? जो इस वक्त लड़ रहे हैं टैक्स की लड़ाई? अगर वो सब अपनी मुहिम में पूर्व मेयर अशु वर्मा को भी शामिल कर लें? तो आसान हो जायेगी उनकी ये चढ़ाई? कहने वाले ने कहा वर्मा जी की पार्टी में हर कोई मानता है बात? वो भी पार्षद उनके नाम पर बोलने लगेंगे? जो नहीं दे रहे हैं इन पूर्व पार्षदों का साथ? कहने वाले ने कहा एक बार करके तो देखें वो वर्मा जी से बात? उनका दिल दरिया और मन समुंदर है? हमें पता है वो जरूर देंगे उनका साथ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आने वाले समय में भगवा योद्धा की टीम में किस दावेदार का कमल कितना खिलेगा? ये सबकुछ अब 10 तारीख के प्रोग्राम के बाद ही पता चलेगा? कहने वाले ने कहा भगवा योद्धा इस प्रोग्राम से नाप लेंगे दावेदारों के नाप? उन्हें पता चल जायेगा कौन कितनी टीम लेकर चलता है अपने साथ? कहने वाले ने कहा यहां पर होगी हर चेहरे की मॉनीटरिंग? जो इस प्रोग्राम को कराने में सफल रहा? समझ लो उसको मिल जायेगा भगवा योद्धा की टीम में एन्ट्री वाला पास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी हुई अचानक पार्टी कार्यालय पर एन्ट्री? हमारी पड़ी पार्टी हॉल में चल रही एक मीटिंग पर नजर? हमने देखा ये मीटिंग किसान मोर्चा वाले पंकज भारद्वाज कर रहे थे? मीटिंग में अच्छा खासा नजर आ रहा था हमें भीड़ का असर? सुना है भगवा योद्धा भी इस मीटिंग पर नजर गढ़ाये हुए थे बारीक? मिस्टर भारद्वाज की मेहनत को देखकर वो कर रहे थे किसी से तारीफ? लगता है भगवा भारद्वाज भी पा लेंगे इस बार योद्धा की टीम में स्थान? अब ये तो योद्धा ही जाने कि वो उनको मंत्री, उपाध्यक्ष या महामंत्री वाले सिस्टम में से देंगे कौन सा काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आजकल हम देख रहे हैं हैवीवेट जनप्रतिनिधि को बड़े ध्यान से? उनका वेट कम हो रहा है लगातार? पता नहीं वो कौन सी एक्सरसाईज कर रहे है इतने आराम से? हम देख रहे हैं लगभग 10 किलो घटा लिया है उन्होंने अपना वेट? मूंछों का ब्लैक लुक भी कर रहा है उनकी अदाओं को अप–टू–डेट? कहने वाले ने कहा तन का वेट वो भले ही घटा लें? मगर मामला तो उनका रहता ही है हैवीवेट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस तरह से भगवा मीडिया वाले चौधरी भगवा योद्धा सहित भाजपा के जनप्रतिनिधियों की कर रहे हैं खचाखच विज्ञप्तियां तैयार? उनकी मेहनत को देखकर लग रहा है कि वो अब योद्धा की टीम में पा लेंगे जरूर कोई किरदार? कहने वाले ने कहा अगर वो विज्ञप्तियां छोडकर इस वक्त लिख रहे होते कोई किताब? सच बता रहे हैं उनको मिल जाता पुलित्जर अवार्ड? हालांकि कुछ ज्यादा नहीं है भगवा चौधरी की तमन्नांए? अवार्ड तो उनके हाथ से पहले ही निकल चुका है? कम से कम संगठन या नामित वाली व्यवस्था मिल जाये?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर की वर्किंग की इस वक्त जनता हो रही है मुरीद? हमने एक से नहीं कई चेहरों से की है इस बात की तस्दीक? जब भी कोई जनता का व्यक्ति जाता है उनके पास? तुरंत उसकी समस्या को सुनकर मोबाईल उठा लेते हैं कमांडर अपने हाथ? समस्या को सुनकर तुरंत मिला देते हैं अधिकारी को फोन? इतना ही नहीं हर छोटे कार्यक्रम में जाने पर वो देते हैं ध्यान? हम ये बात अपने से नहीं कह रहे? इस तरह की बातें आजकल उनको ले रही हैं आम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# यूएस ट्रेड पॉलिसी का शेयर बाजार पर प्रभाव विषय पर एचआरआईटी विश्वविद्यालय में सेमिनार आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एचआरआईटी विश्वविद्यालय, गाजियाबाद में आईसीएआई की सीआईसीएएसए की गाजियाबाद शाखा के सहयोग से एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'यूएस ट्रेड पॉलिसी का शेयर बाजार पर प्रभाव' रहा। कार्यक्रम के वक्ता रहे प्रख्यात चार्टर्ड अकाउंटेंट हर्ष बंसल। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रति-कुलाधिपति डॉ. अंजुल अग्रवाल, डायरेक्टर जनरल डॉ. वी. के. जैन, चार्टर्ड अकाउंटेंट हर्ष बंसल, चार्टर्ड अकाउंटेंट नितिन गुप्ता तथा डीन डॉ. निर्दोष अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

हर्ष बंसल ने बताया कि अमेरिका की व्यापार नीतियाँ–जैसे टैरिफ, निर्यात प्रतिबंध, व्यापार समझौते और डॉलर की मौद्रिक नीति–कैसे वैश्विक निवेशकों की मानसिकता को प्रभावित करती हैं।

सेमिनार में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. वी. के. जैन ने भी छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. निर्दोष अग्रवाल ने हर्ष बंसल का धन्यवाद किया। इस आयोजन में चार्टर्ड अकाउंटेंट नितिन गुप्ता, राजकुमार तेवतिया, रश्मि त्यागी, रविशंकर श्रीवास्तव, डॉ. नवनीत शर्मा, एवं शबनम जैदी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों का विशेष सहयोग रहा।

# राजेश गुप्ता बने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल गाजियाबाद के मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल, गाजियाबाद द्वारा जारी एक नियुक्ति पत्र के माध्यम से राजेश गुप्ता (संस्थापक झ अफ्ठ रक्क्रठ, सिद्धार्थ विहार) को संगठन के मण्डल वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है।

यह नियुक्ति संगठन में उनके लंबे समय से किए जा रहे समर्पित कार्य, निष्ठा और व्यापारिक समाज के प्रति योगदान को ध्यान में रखते हुए की गई है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संदीप बंसल सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं गणमान्य व्यापारीगण उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से उपस्थित महानुभावों के नाम इस प्रकार हैं दीपक गर्ग, संजय गुप्ता, अनिल गर्ग, सोनू सैनी, जगमोहन जॉन, प्रेम प्रकाश चिन्नी, नरेन्द्र कुमार बिल्लू आदि सभी ने गुप्ता को इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। नवनियुक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने इस दायित्व को स्वीकार करते हुए कहा, यह पद मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ उत्तरदायित्व भी है।

मैं संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करने हेतु सदैव तत्पर रहूंगा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल, गाजियाबाद केवल एक संस्था नहीं, बल्कि यह एक सशक्त विचार, एक जीवंत आंदोलन और लाखों व्यापारियों का आत्मीय परिवार है।

# बंदरों की बढ़ती आबादी और आदमी-बंदर संघर्ष

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने केंद्र, यूपी सरकार और नगरपालिकाओं को जारी किया नोटिस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बंदरों की बढ़ती आबादी और आदमी-बंदर संघर्ष के मुद्दे पर केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और नगरपालिकाओं को नोटिस जारी किया है। न्यायालय ने इन अधिकारियों से 10 जुलाई तक इस समस्या से निपटने के लिए उनकी कार्रवाई योजना के बारे में जानकारी देने को कहा है।

यह याचिका विनीत शर्मा (भाजपा नेता और समाजसेवक) और प्राजक्ता सिंघल (बी.टेक छात्रा) ने दायर की है, जो गाजियाबाद के निवासी हैं। याचिका में दावा किया गया है कि बंदरों की बढ़ती आबादी ने लोगों और बंदरों दोनों के लिए गंभीर समस्या पैदा कर दी है।

याचिका में कई जिलों में बंदरों के हमलों और उनकी भूख और कुपोषण की समस्या का उल्लेख किया गया है। याचिकाकर्ताओं ने बंदरों के लिए उचित आश्रय, पशु चिकित्सा केंद्र, भोजन और एक सात दिन चौबीस घंटे शिकायत हेल्पलाइन पोर्टल स्थापित करने की मांग की है।

वकील आकाश वशिष्ठ ने न्यायालय को बताया कि बंदरों की समस्या इतनी गंभीर हो गई है कि हर वर्ग के लोग, विशेष रूप से बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने तर्क दिया कि पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत पशु कल्याण बोर्ड को इस मुद्दे से निपटने के लिए एक कार्रवाई योजना तैयार करनी चाहिए। नगरपालिका अधिनियम के तहत भी नगरपालिकाओं की जिम्मेदारी है कि वे उपद्रव को कम करें, खतरनाक जानवरों को नियंत्रित करें और निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

आकाश वशिष्ठ ने तर्क दिया कि यह याचिका अनुच्छेद 21 के तहत अधिकारों और जानवरों के अधिकारों और स्वतंत्रता के बीच सामंजस्य स्थापित करने की मांग कर रही है, विशेष रूप से भोजन का अधिकार।




### हो गई किस बात को लेकर हाथापाई बिटवीन द भाजपाई एंड भाजपाई

किस्सा फूल वालों में गूंज रहा है और किस्से में भाजपा वाले हैं, किस्से में थाने वाले हैं। किस्से में किसान मोर्चा वाले हैं, किस्से में मंडल वाले हैं, किस्से में पार्षद हैं और किस्से में दो विधायक भी हैं। फूल वालों का इन दिनों थाना प्रेम कुछ ज्यादा ही चल रहा है। किसान वाले मंडल मंत्री और इधर से मेन वाले मंडल के भाजपाई की आपस में बढ़िया वाली हाथापाई हो गई। मंडल वाले पदाधिकारी फूल वाले पार्षद जी के भतीजे बताये जाते हैं। मंडल वाले सेक्टर 23 के और किसान वाले शास्त्री नगर के। फूल वालों के यहां पहले मुकदमा दर्ज होता है और फिर फैसला करने में भी कोई हर्ज नहीं होता है। किस्से में विधायकों की एन्ट्री तब हुई जब फैसले की बेला आई तो पार्षद जी ने अपनी विधानसभा के विधायक के यहां जाने से परहेज किया। उन्होंने दूसरी विधानसभा के विधायक के यहां जाने में कोई गुरेज नहीं किया। चलो मामला सुलटना चाहिए और टीआरपी वाले विधायक जी ने दोनों को बुलाया और फैसला करा दिया। फैसला कराने वाले विधायक जी भी कम नहीं है और उन्होंने भी कह दिया कि लो जी मुझ पर इल्जाम लगता है कि मैं दूसरों की विधानसभा में घुसता हूं। अब दूसरी विधानसभा वाले ही मेरे यहां घुस रहे हैं तो मैं क्या करूं। इसी बीच मौजूद भाजपाई ने जो बात कही, वो सुनने वाली थी। उन्होंने कहा कि जिन विधायक जी को किनारे करके ये यहां घुस रहे हैं अगर उन विधायक जी ने किनारा कर लिया तो फिर सब जानते हैं कि घुसने की जगह भी नहीं मिलेगी। क्योंकि वो विधायक ही ऐसे हैं कि चुप रहे तो दुआ समझो और कह दिया तो काम हुआ समझो।

### किस जनप्रतिनिधि ने कह दिया अफसर से मत लेना मेरी बात को अदरवाईज

कहावत ये है कि हाथी के दांत खाने के और, और दिखाने के और होते हैं। सियासत में हाथी वालों का तो पता नहीं लेकिन फूल वालों का ऐसा रंग सामने आ गया। खास बात ये है कि रंग की बात खुद अधिकारी ने ही किसी को चटकारे लेकर बताई। एक जनप्रतिनिधि काफी भारी भरकम माने जाते हैं और उन्होंने कचरे के किसी मामले को लेकर अधिकारी को फोन किया। अधिकारी ऐसे हैं कि उनकी हेल्थ पर पहले कोई फर्क नहीं पड़ा, तो इस फोन का क्या फर्क पड़ता। जनप्रतिनिधि की आवाज फोन पर लाउड हो गई और उन्होंने कुछ ज्यादा सख्त शब्द कह दिये। इसके बाद फोन काट दिया। दस मिनट बाद उन्हीं जनप्रतिनिधि का फोन अधिकारी के फोन पर आया और इस बार लहजा बिल्कुल बदला हुआ था। जनप्रतिनिधि ने कहा कि आप मेरी बात को अदरवाईज मत लेना। क्योंकि जनता के सामने थोड़ा ऐसा बोलना पड़ता है। रही काम की बात तो अगर आपके सिस्टम में हो तो कर देना। नहीं हो तो ज्यादा लोड मत लेना।

### वार्ड में किस्सा हो रहा है मूव किसने कर दिया भगवा चौहान को ग्रुप से रिमूव

किस्सा उस वार्ड को लेकर गूंज रहा है जहां पहले तो सिम्पैथी टिकट काटकर इगो पूरी हुई और फिर किसी का कल्याण नहीं हुआ। जिनके घर मैम्बरी आई थी उनके घर फिर से नाला गैंग वाला काम आ गया। सुना है कि मुखिया ने बुला कर एक्स पार्षद को वार्ड की पॉवर ऑफ अटार्नी कर दी। कह दिया कि आज से वार्ड की तुम मालिक हो और विकास से लेकर निकास तक सब तुम्हें देखना है। लोकतंत्र में ऐसा कम होता है लेकिन हो रहा है तो हो ही रहा है। अब इस वाले मौहल्ले की गूंज उस वाले मौहल्ले तक सुनाई दे रही है। काम ही इतना महान हुआ है कि पता चला है कि मौहल्ले के व्हाट्सऐप ग्रुप से एक्स पार्षद ने दूसरे एक्स पार्षद को रिमूव कर दिया। किस्सा इस जुबान से उस जुबान तक मूव कर रहा है। इस मौहल्ले की बात को उस मौहल्ले वाले पूरे रस ले लेकर बता रहे हैं।




## क्या प्रभारियों की जांच खोलेगी गहरे राज

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में आने वाले दिनों में कई और सख्त फैसले होने वाले हैं। सुनने में आ रहा है कि अब धीरे–धीरे नए–नए आदेश आ रहे हैं और आदेशों के बाद कहीं अटेंशन बढ़ रही है। तो कहीं टेंशन बढ़ रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि इन दिनों एक ऐसा आदेश दिया गया है जिसके बाद कई प्रभारियों को रात में नींद नहीं आ रही है। बताया जा रहा है कि एक प्रभारी दोबारा से ट्रैक पर आने के लिए आजकल कोई दफ्तर ऐसा नहीं हैं जहां उनकी हाजिरी नहीं लग रही हो। तो सुनने में यह आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी संख्या में थानों के प्रभारियों और खास पुलिसकर्मियों की जांच कराई जा रही है। इस जांच में पूरी रिपोर्ट तैयार होगी, रिकॉर्ड से लेकर कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों को भी इसमें शामिल किया जा रहा है। सुनने में आया है कि रडार पर देहात से लेकर सिटी और नदिया पार वालों के नाम शामिल हैं। संख्या डेढ़ दर्जन से अधिक की बताई जा रही है और कहा जा रहा है की रिपोर्ट जल्द से जल्द गोपनीय




स्तर पर पहुंचेगी और फिर जो होगा शायद उसका अभी कई जोन में अंदाजा भी नहीं होगा। वहीं सुनने में आ रहा है कि इस जांच रिपोर्ट के आधार पर ही कई प्रभारियों की आगे की पारी चलेगी और कई पर ब्रेक भी लगाया जा सकता है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि प्रभारी वाली इस लिस्ट से पहले पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एसीपी अधिकारियों की लिस्ट में ट्विस्ट आएगा। कहा जा रहा है कि खाली हुए एक पद को भरने के साथ ही कुछ फेर बदल भी हो सकते हैं। वहीं कमिश्नरेट वाले पुलिय सूत्र बता रहे हैं कि कमिश्नरेट के एक एसीपी बराबर वाले कमिश्नरेट के लिए अपनी बातचीत शुरू कर चुके हैं। अब देखना होगा कि वह सर्किल से जल्द जाएंगे या अभी कुछ दिन और कमिश्नरेट गाजियाबाद में गुजारेंगे। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र यह बता रहे हैं कि प्रभारियों की जांच से कई गहरे राज भी खुलने की उम्मीद है, इसीलिए इसको कराया जा रहा है। बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 87 पुलिसकर्मियों पर जो कार्रवाई हुई थी, उससे पहले भी एक जांच रिपोर्ट तैयार कराई गई थी और फिर बड़े स्तर पर कार्रवाई की गई थी। इस बार की जांच को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

# जिला कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद को किसान संगठन समिति ने सौंपा ज्ञापन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा एवं महानगर अध्यक्ष वीर सिंह यादव को संयुक्त रूप से किसान संगठन समिति द्वारा एक पत्र दिया गया। जिसमें वेव सिटी बिल्डर द्वारा किसानों के साथ हो उत्पीड़न के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया है और 2014 में हुए लिखित समझौते के संबंध में अवगत कराया गया। इसमें किसान संघर्ष समिति ने 10 मई को होने वाले विशाल धरने में कांग्रेस को आमंत्रित किया है। कहा है कि हमारे साथ गाजियाबाद प्रशासन और वेवसिटी बिल्डर अत्याचार कर रहे हैं।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रिटायर्ड बीएसएनएल अधिकारी करमवीर नागर और खतौली विधायक मदन भैया का नाता सही में भाई भाई वाला है। विधायक मदन भैया जब कर्मवीर नागर के घर उनसे मिलने पहुंचे तो कर्मवीर नागर ने इस पल को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।




# ब्लैक आउट और मॉक ड्रिल का बजा सायरन और एक्शन में आ गई टीम सिविल डिफेंस

## गाजियाबाद के 10 स्कूलों में हुई हवाई हमले के बाद बचाव वाली मॉक ड्रिल

## स्कूल-कॉलेजों में सिविल डिफेंस और जिला प्रशासन ने चलाया राहत एवं बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** बुधवार की रात घड़ी की सुई में जैसे ही रात के 8 बजे तो गाजियाबाद की लैंड क्राफ्ट सोसायटी एनएच-24, राजनगर एक्सटेंशन की वीवीआईपी सोसायटी, मोहन नगर की सेवियर पार्क कटोरी मिल व वसुंधरा सेक्टर-18 स्थित अपेक्स फ्लोर्स सोसाइटी में अंधेरा छा गया। अंधेरा फैलते ही सिविल डिफेंस, जिला प्रशासन और राहत एवं बचाव में लगे पुलिसकर्मियों की टीम एकदम से एक्टिव हो गई। अलग-अलग स्थल पर फंसे लोगों को बाहर निकालने का काम किया गया। तो वहीं लाउडस्पीकर के जरिए अनाउंसमेंट किया गया कि आप घबराइए मत, यहां पर राहत एवं बचाव वाली टीम पहुंच गई है।

दरअसल गृह मंत्रालय के निर्देश पर बुधवार को गाजियाबाद में जहां चार सोसाइटी में ब्लैक आउट का कार्यक्रम आयोजित किया गया। तो वहीं गाजियाबाद सिविल डिफेंस और जिला प्रशासन की ओर से गाजियाबाद के 10 प्रमुख स्कूलों में हवाई हमले के बाद किस तरीके से सायरन बचाकर लोगों को जागरूक किया जाता है और हवाई हमले के दौरान क्या-क्या सावधानी बरती जानी हैं, इसको लेकर सिविल डिफेंस और जिला प्रशासन द्वारा वृहद स्तर पर मॉक ड्रिन की गई।

इन मॉक ड्रिल के दौरान नगर पालिका इंटर कॉलेज नवयुग मार्केट में जिलाधिकारी दीपक मीणा, अपर जिलाधिकारी गंभीर सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ. अखिलेश मोहन के साथ ही सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल के नेतृत्व में मॉक ड्रिल का कार्यक्रम कराया गया।





### लैंड क्राफ्ट सोसाइटी में लोगों को बताया गया ब्लैकआउट में नहीं जलेगी घर की लाइट और बंद कर दें लिफ्ट



**करंट क्राइम :** बुधवार को सिविल डिफेंस के द्वारा लैंड क्राफ्ट सोसाइटी में ब्लैकआउट अलर्ट वाला कार्यक्रम किया गया । इस दौरान जैसे ही रात 8 बजे सोसायटी की सभी लाइटें बंद कर दी गई। इसके बाद सिविल डिफेंस के सदस्यों ने लोगों से अपील की कि वह घर में अंधेरा कर दें और लिफ्ट का इस्तेमाल न करें। इस दौरान सिविल डिफेंस के वार्डन और चीफ वार्डन द्वारा लोगों को कहा गया कि ब्लैकआउट के समय घर में कम से कम लाइटों का इस्तेमाल करें। घर के पर्दे और खिड़कियां बंद कर लें। साथ ही सुरक्षित स्थान भी तलाश करें।

### ब्लैक आउट के समय क्या करें



**करंट क्राइम :**

- अपने घरों पर रहें ।
- प्रत्येक स्थान की लाइट बंद कर दें।
- यदि घर अथवा प्रतिष्ठान की खिड़की से प्रकाश बाहर निकलता दिखे तो उस पर काला कागज लगाएं।
- सड़क पर चल रहे वाहनों की लाइट बंद कर दें, जहां हों वहीं पर रुक जाएं।

### ब्लैक आउट के समय क्या न करें

**करंट क्राइम :**

- भगदड़ न करें
- धूमपान न करें
- माचिस, मोबाइल, टार्च व फ्लैश लाइट का इस्तेमाल न करें।

### मॉकड्रिल का उद्देश्य

करंट क्राइम :

- हवाई हमले की चेतावनी प्रणालियों की प्रभावशीलता का आकंलन करना ।
- भारतीय वायु सेना के साथ रेडियो संचार लिंक का संचालन करना ।
- नियंत्रण कक्षों और छाया नियंत्रण कक्षों की कार्यात्मकता का परीक्षण करना।
- शत्रुतापूर्ण हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए नागरिक सुरक्षा पहलुओं पर नागरिकों, छात्रों आदि को प्रशिक्षण देना।
- निकासी योजनाओं की तैयारी और उनके क्रियान्वयन का मूल्यांकन करना।



### ललित जायसवाल ने अधिकारियों को दिलाया भरोसा, कहा हर खतरे से निपटने के लिए तैयार है सिविल डिफेंस




**करंट क्राइम :** सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल जितना सामाजिक कार्यों और अन्य गतिविधियों में एक्टिव रहते हैं, वह देश की सुरक्षा और रक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली सिविल डिफेंस की सेवा में भी मुस्तैद रहते हैं। बुधवार को मॉक ड्रिल के दौरान उन्होंने जिलाधिकारी दीपक मीणा को भरोसा दिलाया कि गाजियाबाद में बड़ी संख्या में सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक हैं। जो किसी भी आपात स्थिति और हवाई हमले में अन्य खतरों से निपटने के लिए पूरी तरह से सक्षम है। सिविल डिफेंस के बड़ी संख्या में राहत एवं बचाव कार्य के लिए संसाधन मौजूद हैं। साथ ही मॉक ड्रिल के दौरान सिविल डिफेंस के सहयोग के लिए दमकल विभाग के घंटाघर कोतवाली फायर स्टेशन प्रभारी शेषनाथ यादव अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

### पुलिसकर्मियों ने पहुंचकर दिखाई तत्परता, कहा घबराइए मत हम आपके साथ हैं





**करंट क्राइम :** राजनगर स्थित वीवीआईपी सोसाइटी में 8 बजे जैसे ही ब्लैकआउट की मॉक ड्रिल शुरू की गई, तो इस दौरान नंदग्राम थाने से प्रभारी धर्मपाल सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और यहां लोगों को ब्लैक आउट के बाद अफरा तफरी का माहौल न करने और ब्लैकआउट के बाद किसी प्रकार के हमले की आहट से ना घबराने की सलाह दी गई। साथ ही मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों व डीवीएफ स्वयंसेवकों ने महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों से कहा की चिंता की कोई बात नहीं है ,यह एक एक्सरसाइज है और पुलिस आपके साथ है।

### छात्रों को किया गया अलर्ट कैसे करें बचाव और क्या अपनाये उपाय





**करंट क्राइम :** बुधवार को गाजियाबाद जिले के 10 प्रमुख स्कूलों में सिविल डिफेंस की ओर से मॉक ड्रिल कार्यक्रम आयोजित किया गया। मॉक ड्रिल का यह कार्यक्रम शंभू दयाल इंटर कॉलेज, गुरु नानक इंटर कॉलेज, सेठ मुंकद लाल इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज विजयनगर, जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल ,स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर राजेंद्र नगर, खेतान पब्लिक स्कूल और नगर पालिका इंटर कॉलेज साहिबाबाद के साथ अन्य स्कूलों में हुआ। इस दौरान सिविल डिफेंस की ओर से तमाम महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है।







### जब स्कूलों में बजे सायरन, तो विद्यार्थी हो गए अंडर द टेबल



**करंट क्राइम :** बुधवार को सुबह सिविल डिफेंस के नेतृत्व में गाजियाबाद के 10 स्कूलों में प्रशासन के साथ मिलकर सिविल डिफेंस ने मॉक ड्रिल अभियान चलाया। इस दौरान जैसे ही स्कूलों में सायरन बजा तो स्कूल की कक्षाओं में मौजूद विद्यार्थी और उनके शिक्षक टेबल के नीचे हो गए। दो से तीन मिनट में इसी स्थिति में मौजूद रहे और जब दोबारा खतरा खत्म होने का ग्रीन सायरन बजा तो वह बाहर निकाल कर आए। इस दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा और एडीएम सिटी गंभीर सिंह, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जयसवाल सहित अन्य अधिकारियों ने इस पूरी मॉक ड्रिल का निरीक्षण करते हुए इससे होने वाले खतरे से बचाव की एक्सरसाइज बताया है।





### यूपी एटीएस की टीम ने भी मॉक ड्रिल में दर्ज कराई उपस्थित



**करंट क्राइम :** बुधवार को अलग-अलग स्कूलों में मॉक ड्रिल का जो कार्यक्रम आयोजित किया गया था ,उसकी गंभीरता और भविष्य की तैयारी का अंदाजा इसी बात से लगाया जाता है कि कई स्थानों पर उत्तर प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वाड यानी एटीएस की टीम पहुंची थीं। नोएडा यूनिट से पहुंची टीम ने अलग-अलग स्कूलों में पहुंचकर प्रशासन और सिविल डिफेंस की इस मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया। साथ ही इसकी विस्तृत रिपोर्ट भी तैयार की है।

### यह भी रहे मॉक ड्रिल में एक्टिव



**करंट क्राइम :** दीपक मीणा आईएएस ने अपनी उपस्थिति में मॉक ड्रिल का अवलोकन किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गंभीर सिंह , अपर नगर आयुक्त अरुण यादव, चिकित्सा अधिकारी डॉ. अखिलेश मोहन , अयान जैन आईएएस ट्रेनी,चीफ वार्डन ललित जायसवाल, प्रभारी मुख्यालय/सहायक उप नियंत्रक गुलाम नबी ,स्कूल प्रिंसिपल डॉ. अंतिम चौधरी,डिविजनल वार्डन राजेंद्र शर्मा ,अनिल अग्रवाल सहित भारी संख्या में सिविल डिफेंस के वार्डन ने प्रतिभाग किया। साथ ही स्कूल के पूरे स्टाफ और टीचर्स का भरपूर सहयोग रहा।

### हवाई हमले के बाद बचाव के तरीके



करंट क्राइम : हवाई हमले के दौरान किसी भी मेज आदि के नीचे शरण लीजिए, खिड़की दरवाजे जिसमें शीशे लगे हो उनके आसपास ना खड़े हो।। गैस विद्युत के उपकरण और समस्त घर के बिजली के स्विच बंद करना आवश्यक है । यदि भवन के बाहर हो तो खुले स्थान पर लेटकर हाथों से सर को ढक कर कान बंद करें। वहीं ब्लैकआउट के समय मकान आदि की तरफ बहार के कमरों की लाइट बंद कर दें । जिससे कोई भी रोशनी बाहर न जाए, जरूरी हो तो हल्की रोशनी कर खिड़की का पर्दा लगा लें। साथ ही लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का प्रयोग करें, इनवर्टर-जनरेटर तुरंत बंद कर दें।

# ऑपरेशन सिंदूर का गाजियाबाद हिंडन एयरपोर्ट पर हुआ बड़ा असर, 14 उड़ानें की गईं रद्द




**गाजियाबाद करंट क्राइम :** ऑपरेशन सिंदूर के बाद हिंडन एयरपोर्ट से तीन एयरलाइंस कंपनियों की 14 शहरों की उड़ान फिलहाल अस्थाई तौर पर रद्द कर दी गई है। स्टार एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस एयरलाइन कंपनी ने एकंस पर इसकी जानकारी दी है।

केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के आदेश पर बुधवार को देशभर में मॉक ड्रिल ( आपातकालीन अभ्यास ) आयोजित किया गया। इस कड़ी में दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 पर भी एक बड़ी मॉक ड्रिल की गई।

ड्रिल के दौरान सुरक्षा एजेंसियों और एयरपोर्ट स्टाफ ने मिलकर सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया और यात्रियों को दिशा-निर्देश दिए कि ऐसी स्थिति में क्या करना चाहिए और क्या नहीं।

हिंडन से बीते दिनों चालू हुई थी कई प्रदेशों के लिए उड़ान करंट क्राइम गाजियाबाद का इंडियन एयरपोर्ट लगातार नई हवाई यात्राएं शुरू कर रहा है अप्रैल और मैं के महीने में गाजियाबाद के हिंडन एयर पोर्ट से प्रयागराज लखनऊ चेन्नई बेंगलुरु के साथी जम्मू कश्मीर और कई अन्य शहरों के लिए भी हवाई यात्रा शुरू की की गई थी लेकिन मंगलवार की देर रात भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव वाली स्थिति होने के बाद तमाम घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर असर पड़ा है जिसकी वजह से हिंडन एयरपोर्ट से उड़ने वाले कई विमान अगली सेवाओं के लिए स्थगित कर दिए गए हैं साथ ही भारत पाक के बीच हुए तनाव के बाद 14 हवाई यात्राएं रद्द की गई हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर साहिबाबाद में मनाया गया विजय उत्सव

## आतिशबाजी और राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंज उठा जनसंपर्क कार्यालय







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भारत की सेना ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि नया भारत न केवल अपनी सीमाओं की रक्षा करना जानता है, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर दुश्मन को उसके घर में घुसकर मुंहतोड़ जवाब देने की सामर्थ्य भी रखता है। ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता ने भारत की सैन्य शक्ति, संकल्प और रणनीतिक क्षमता को दुनिया के सामने पुन: स्थापित कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ नेतृत्व और राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से प्रेरित भारतीय सेना ने यह सिद्ध कर दिया कि अब भारत आतंकवाद को बर्दाश्त करने वाला देश नहीं, बल्कि उसे जड़ से समाप्त करने वाला राष्ट्र बन चुका है। इसी विजय की खुशी में बुधवार को साहिबाबाद स्थित कैबिनेट मंत्री एवं विधायक सुनील शर्मा के जनसंपर्क कार्यालय पर भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनसंपर्क कार्यालय राष्ट्रभक्ति के नारों—भारत माता की जय, वंदे मातरम और मोदी है तो मुमकिन है—से गूंज उठा। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, कार्यकर्ता, युवा और वरिष्ठ जन इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी हरि चंद शर्मा ने कहा यह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारत की नई नीति का स्पष्ट संकेत है—अब आतंकवाद को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर उन सभी शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है जिन्होंने भारत की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर किए। इस मौके पर अशोक भाटी मंडल अध्यक्ष सचिन डागर पार्षद, मदन राय पार्षद, विनोद शर्मा पुर्व पार्षद, सरदार सिंह पार्षद पति,आदेश तिवारी, गुरदास पाल, उदयवीर सिंह भोला, विपिन डागर मंडल अध्यक्ष, धर्मेंद्र शर्मा, राजकुमार चंदेल, वीरेंद्र मिश्रा, कृष्ण, संदीप जाटव , संदीप राठौर , मदन राय पार्षद, सतीश सेन, सौरव राठौर, शरद कसाना, मनोज राघव, सतीश ढिलौर, मोनू राघव, पवन चौहान,पवन रेड्डी, एस पी सिंह पूर्व पार्षद, विरेन्द्र चौहान पार्षद, राजन आर्य पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा मंडल अध्यक्ष, मौजूद रहे।

